* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 जून, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 247














## नीट पेपर लीक : हजारीबाग ओएसिस स्कूल पहुंची सीबीआइ टीम

# प्रिंसिपल को हिरासत में लिया, ले गयी पटना

- चिंटू और मुकेश को सीबीआइ ने रिमांड पर लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/रांची/पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ जांच तेज हो गयी है। सीबीआइ की टीम बुधवार को जांच के लिए हजारीबाग पहुंची। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक से लंबी पूछताछ के बाद टीम उन्हें पटना ले कर चली गयी। वहीं, सीबीआइ दो आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसमें चिंटू कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं। सीबीआइ कोर्ट के स्पेशल जज हर्षवर्धन सिंह ने बुधवार सुबह दोनों को तीन दिन की सीबीआइ रिमांड पर भेज दिया है। इन दोनों को बिहार की आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई की टीम ने 22 जून को नालंदा से गिरफ्तार किया था। उधर, कोलकाता पुलिस ने 25 जून की देर रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इसने छात्रों के अभिभावकों से मेरिट लिस्ट में नाम जोड़ने और कॉलेज में मेडिकल सीट देने के लिए 5 से 12 लाख रुपये तक की रकम वसूली है। इस मामले में अब तक 5 राज्यों में 27 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।




### प्रिंसिपल से पांच घंटे हुई पूछताछ

नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच में जांच के लिए सीबीआइ की टीम बुधवार दोपहर को हजारीबाग पहुंची। यह आठ सदस्यी टीम थी। टीम ने ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक से पहले उनके आवास में पूछताछ की। उसके बाद कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल में जाकर घंटो पूछताछ हुई। इस दौरान स्कूल के परीक्षा नियंत्रक समेत कई स्टाफ से टीम ने पूछताछ की। लगभग पांच घंटे की पूछताछ और जांच के बाद टीम उन्हें पटना लेकर चली गयी। प्रिंसिपल एहसान उल हक नीट परीक्षा के सिटी को-आर्डिनेटर थे। वहीं बताया जा रहा है की सीबीआइ की टीम ने एक अन्य व्यक्ति को भी इस मामले में अपने साथ ले गयी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक दूसरे व्यक्ति की पुष्टि नहीं हो पायी थी।

## मुख्यमंत्री ने धनबाद में की कई बड़ी घोषणाएं

# 15 लाख रुपये तक का होगा मुफ्त इलाज : चंपाई सोरेन

- नयी स्वास्थ्य व्यवस्था अगले महीने होगी शुरू
- धनबाद वासियों को दी कई सौगात, 313.96 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास


आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड विकास के हर मोर्चे पर तीव्र गति से आगे बढ़े, इस सोच और प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। पिछले साढ़े चार वर्षों में तमाम विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच सरकार राज्य को संवारने और नयी दिशा देने का काम बखूबी करती आ रही है। आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। जनता को अगले महीने एक नयी स्वास्थ्य योजना की सौगात मिलेगी। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को 15 लाख रुपये तक इलाज की मुफ्त सुविधा मिलेगी। सिर्फ राशन कार्ड के आधार पर लोग इस स्वास्थ्य योजना का लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को धनबाद में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कई घोषणाएं की।

**नौकरियों के खुल चुके हैं द्वार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अगले तीन महीने में 40 हजार युवाओं के हाथ में सरकारी नौकरी होगी। इसके लिए संबंधित आयोग को नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दे दिया गया है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय युवाओं को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो युवा स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद की जा रही है।

**व्यवस्था की हर कड़ी को कर रहे हैं मजबूत:** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए व्यवस्था की हर कड़ी का मजबूत होना जरूरी है। हमारी सरकार यहां की आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है।

**विस्थापितों के दर्द को दूर करने का प्रयास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां विस्थापन आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है । यहां विभिन्न परियोजनाओं और खनन कार्यों के नाम पर आदिवासियों- मूलवासियों की जमीन का बड़े पैमाने पर अधिग्रहण तो कर लिया गया, लेकिन रैयतों को उसका उचित लाभ नहीं मिल सका। आज भी विस्थापित कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। हमारी सरकार जल्द ही विस्थापितों के कल्याण और हित में नीति बनायेगी ताकि उनका जो हक और अधिकार है, वह मिल सके।




### कई योजनाओं का मिला तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 313 करोड़ 96 लाख 24 हजार 500 रुपये की 333 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, 23540 लाभुकों के बीच 69 करोड़ 73 लाख 99 हजार 11रुपये की परिसंपतियों का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह के अलवा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गांव और प्रखंडों के स्कूलों में भी मिलेगा क्वालिटी एजुकेशन

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं, जहां बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर क्वालिटी एजुकेशन मिलेगा। कोई भी बच्चा - बच्ची पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे, इसके लिए छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना इजाफा के साथ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना संचालित है। उच्च शिक्षा हासिल करने में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बने, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है । यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के बच्चों को विदेश में पढ़ने का पूरा खर्च सरकार दे रही है। यहां के गरीब बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, उन्हें कोचिंग और पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। हम शिक्षा का ऐसा दीया जलाएंगे जो कभी नहीं बुझेगा।

### सभी के पास पहुंच रही योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की भावनाओं और उम्मीदों के अनुरूप हमारी सरकारी योजनाएं बना रही हैं। योजनाओं का लाभ देने में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज राज्य का कोई भी ऐसा परिवार नहीं है, जहां सरकार की कोई ना कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। आज हर परिवार में पेंशन और राशन पहुंच रहा है। किसानों को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। किसानों के दो लाख रुपये तक का लोन भी माफ किया जायेगा। राज्य के दूर- दराज इलाकों और जंगल-झाड़ तथा नदियों-पठारों की तलहटी में रहने वाले गरीबों के घर भी रोशन रहें, इसके लिए 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। अब 25 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम उम्र की बहन- बेटियों को भी सरकार आर्थिक सहायता करने जा रही है। ऐसी और भी अनेकों योजनाएं हैं, जो समाज के हाशिये पर बैठे लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए शुरू की गयी है।

# ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने

- ध्वनिमत से हुआ चयन, सांसदों ने दी बधाई
- मोदी और राहुल उन्हें कुर्सी तक ले कर गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने गये। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर भतृर्हरि महताब ने स्पीकर के चुनाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत एनडीए के नेताओं ने समर्थन किया। सदन में ध्वनिमत से बिरला के नाम का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गये। इससे पहले शिवसेना (यूटीबी) सांसद अरविंद सावंत ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा था। संसादों ने स्पीकर बनने पर बिरला को बधाई दी।

**आपका अनुभव देश के काम आयेगा: मोदी :** बिरला की स्पीकर बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका अनुभव देश के काम आयेगा। आपके पांच साल का अनुभव से आप आने वाले पांच साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि विनम्र और व्यवहार कुशल व्यक्ति सफल होता है। आपको उसके साथ मीठी-मीठी मुस्कान भी मिली है। उन्होंने कहा कि बलराम जाखड़ को दोबारा स्पीकर बनने का मौका मिला था। अब आप है, जिसे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद इस पर आये हैं। ज्यादातर स्पीकर या तो चुनाव नहीं लड़े या जीतकर नहीं आये। आप जीतकर आये और नया इतिहास रचा।

**आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे: राहुल :** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को दोबारा स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हाउस देश की जनता की आवाज है। सरकार के पास राजनीतिक ताकत है। लेकिन विपक्ष भी जनता की आवाज है। यह जरूरी है कि जनता के बीच विश्वास बना रहे। मुझे विश्वास है कि आप हमें अपनी आवाज उठाने का मौका देंगे। सवाल यह है कि जनता की कितनी आवाज को यहां मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे।

**निष्कासन की कार्रवाई इस बार न हो: अखिलेश :** सपा सांसद अखिलेश यादव ने बधाई देते हुए कहा कि आपके पास पांच साल का अनुभव है। वहीं, आपको पुराने और नये सदन का अनुभव है। हमें उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज न दबायी जाये। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाये। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता भी है। सत्ता पर भी है। आपके इशारे पर सदन चलता है, इसका उल्टा न हो।




### बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। स्पीकर ओम बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया। दो मिनट का मौन रखवाया। ओम बिरला ने कहा कि यह सदन 1975 में आपातकाल लगाने की निंदा करता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अंबेडकर के संविधान का अपमान किया था। इंदिरा गांधी ने भारत पर तानाशाही थोपकर लोकतंत्र का अपमान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गयी। मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी गयी थीं। कई नेताओं को मीसा के तहत बंद किया। स्पीकर ने इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। अब शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण से सदन की कार्यवाही शुरू होगी।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन आतंकी ढेर

डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लांच किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ। इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का जवान भी घायल हुआ है। आशिक हुसैन नाम के इस जवान को डोडा के सरकारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां डॉक्टरों ने बताया है कि उनके दाहिने पैर में गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को डोडा में दोहरा आतंकवादी हमला हुआ था। इसके बाद से सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आज सुबह 2-3 आतंकियों के सिनू पंचायत के गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसी दौरान ढोक (मिट्टी से बना घर) से आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशज जारी है। पूरे इलाके पर ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिए नजर रखी जा रही है।



# कोर्ट ने केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआइ रिमांड की दी मंजूरी

- सुबह हुई थी गिरफ्तारी, कोर्ट में किया पेश
- केजरीवाल बोले, मैंने सिसोदिया के खिलाफ बयान नहीं दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआइ की रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआइ ने बुधवार की सुबह शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड मांगी। कोर्ट ने करीब टार घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम सात बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। अगली सुनवाई 29 जून को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलायी जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाये हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआइ के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सीबीआइ ने 25 जून को रात नौ बजे तिहाड़ जाकर शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर केजरीवाल से पूछताछ की थी। इडी ने केजरीवाल को शराब नीति में मनी लाड्रिंग के आरोप में 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। वे पिछले 87 दिनों से तिहाड़ जेल में बंद हैं। हालांकि वे 10 मई से 2 जून यानी 21 दिन के लिए पैरोल पर थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



# ओम बिरला का स्पीकर बनते ही मोदी 3.0 का स्पष्ट संदेश

## सरकार जैसे चलती थी, वैसे ही चलेगी, न कोई दबाव न छेड़छाड़

**आजाद सिपाही विशेष**

**भाजपा सांसद और एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विपक्ष की ओर से के सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया था। भाजपा ने ओम बिरला को स्पीकर बनाने का फैसला करके साफ कर दिया कि सरकार जैसे पहले चलती थी, वैसी ही अब भी चलेगी। वहीं कांग्रेस ने अपना कैंडिडेट उतारकर साबित करने की कोशिश की है कि विपक्ष अब कमजोर नहीं है। ओम बिरला को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुना गया। वह दूसरी बार इस उत्तरदायित्व को संभाल रहे हैं। पांचवीं बार ऐसा होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। इसके अलावा एक तथ्य यह भी है कि कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किये हैं। इसके अलावा आज तक किसी ने भी इस आसन पर दो कार्यकाल पूरे नहीं किये हैं। जब बिरला ने अध्यक्षीय आसन ग्रहण किया, तो पीएम मोदी, राहुल गांधी और रिजिजू ने उन्हें बधाई और शुभकामना दी। ओम बिरला को आसन तक ले जाने के लिए पीएम मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी साथ आये। आखिर भाजपा ने फिर से ओम बिरला पर दांव खेलकर क्या संदेश देने की कोशिश की है बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा सत्र की शुरुआत हुए दो ही दिन हुए थे कि सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गये। मामला लोकसभा स्पीकर के पद को लेकर था। डिप्टी स्पीकर का पद मांग रहे विपक्ष ने सहमति न बनने पर लोकसभा स्पीकर के लिए के सुरेश को प्रत्याशी बना दिया। वहीं एनडीए की तरफ से ओम बिरला प्रत्याशी थे। 26 जून को ध्वनि मत से ओम बिरला स्पीकर चुन लिये गये। इसके लिए वोटिंग की नौबत नहीं आयी। अगर वोटिंग होती तो देश के संसदीय इतिहास में यह सिर्फ तीसरा मौका होता, जब लोकसभा स्पीकर का चुनाव वोट डालकर किया जाता। भारत के संसदीय इतिहास में इससे पहले लोकसभा स्पीकर के चुनाव के लिए सिर्फ दो बार ही वोटिंग हुई है। 1952 में पहले आम चुनाव के बाद लोकसभा स्पीकर पद के लिए चुनाव हुआ था। प्रधानमंत्री नेहरू ने जीवी मालवंकर के नाम का प्रस्ताव रखा था। 16 सांसदों वाली सीपीआइ ने उनके खिलाफ अलग उम्मीदवार खड़ा कर दिया। दूसरी बार इमरजेंसी के बाद 1976 में स्पीकर पद के लिए चुनाव हुआ था। वहीं कुर्सी संभालते ही ओम बिरला ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों धन्यवाद किया। साथ ही आपातकाल की निंदा की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

### ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष बनाना राजनीतिक स्थिरता का संदेश

भाजपा ने ओम बिरला का नाम इसलिए भी आगे किया, ताकि राजनीतिक स्थिरता बनी रहे। प्रधानमंत्री ने बड़े पोर्टफोलियो जैसे गृह मंत्री, रक्षा मंत्री नहीं बदले हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रिंसिपल सेक्रेटरी तक नहीं बदले। अब स्पीकर भी वही होगा। पीएम मोदी देश-दुनिया को मैसेज देना चाहते हैं कि मोदी सरकार 3.0 पहले की तरह ही चल रही है। उस पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। यानी मोदी उसी ताकत के साथ सरकार चलायेंगे जैसा कि वह पहले चलाते रहे हैं। यह मैसेज भाजपा के प्वाइंट ऑफ व्यू से बहुत अच्छा है। मोदी सरकार ने यह भी मैसेज दे दिया है कि यह सरकार किसी के दबाव में काम नहीं करेगी। यह किसी भी सरकार के लिए सही भी है। क्योंकि सभी का अपना विजन होता है और उस प्रोसेस में जरा सी भी दखलंदाजी लक्ष्य को कमजोर करती है। अगर एक बार सरकार बन गयी और भरोसा हासिल हो गया तो उसे काम करने देना चाहिए। ओम बिरला मोदी के टीम की अहम कड़ी हैं। उनके कार्यकाल में मोदी सरकार ने कई अहम फैसले भी लिये।



### भाजपा के अहम फैसलों के गवाह रहे हैं ओम बिरला

ओम बिरला सबसे सक्रिय सांसदों में रहे हैं। वह स्पीकर के रूप में कड़े फैसले लेने के लिए भी जाने जाते रहे। राजस्थान की कोटा लोकसभा सीट से लगातार तीन बार सांसद बनने वाले और राजस्थान में तीन बार विधायक भी रह चुके ओम बिरला बीजेपी नेतृत्व की पहली पसंद बन गये हैं। लोकसभा चुनाव का परिणाम आने और मंत्रिमंडल के गठन के बाद लोकसभा अध्यक्ष के लिए कई नाम चर्चा में आये, लेकिन ओम बिरला का नाम टॉप पर रहा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में कई पूर्व मंत्रियों को फिर से कैबिनेट में स्थान दिया था। उससे यह साफ हो गया था कि ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी फिर से मिलने वाली है। इसकी बड़ी वजह यह भी थी कि बिरला के कामकाज से बीजेपी नेतृत्व पूरी तरह से संतुष्ट था। पिछले पांच साल में सदन में कभी ऐसी नौबत नहीं आयी, जब सत्ता पक्ष को स्पीकर की वजह से झुकना पड़ा हो। ओम बिरला भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। बतौर सांसद पहले कार्यकाल में 86 फीसदी उपस्थिति के साथ 671 प्रश्न और 163 बहसों में भागीदारी की थी। 2019 में दूसरी बार सांसद बनने पर लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया। ओम बिरला के कार्यकाल में ही नये संसद भवन का निर्माण हुआ। उनके कार्यकाल में ही तीन आपराधिक कानून, अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिकता संशोधन अधिनियम समेत कई ऐतिहासिक कानून भी पारित हुए। उन्होंने लोकसभा के 100 सांसदों के निलंबन और संसद की सुरक्षा पर कुछ कड़े फैसले लिये। 17वीं लोकसभा की उत्पादकता 97 प्रतिशत रही, जो पिछले 25 वर्षों में सर्वाधिक है। कोरोना महामारी के बीच आयोजित 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र की उत्पादकता 167 प्रतिशत रही जो लोक सभा के इतिहास में सर्वाधिक है। संसद के संचालन में वित्तीय अनुशासन को प्रोत्साहित कर 801 करोड़ की बचत की गयी। उनके कार्यकाल के दौरान 222 विधेयक कानून बने, जो पिछली तीन लोक सभा में सर्वाधिक है। ओम बिरला के प्रयासों से 17वीं लोक सभा के दौरान ऐसा चार बार हुआ एक प्रश्नकाल में सभी 20 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिये गये। ज्ञान के समृद्ध कोष संसद की लाइब्रेरी को 17 अगस्त 2022 से आमजन के लिए खोल दिया गया।

### स्पीकर का विशेषाधिकार

सदन में चर्चा के दौरान एजेंडा तय करने, बहस के लिए मौका देने से लेकर दल-बदल कानून में फैसला देने तक स्पीकर के पास विशेषाधिकार होते हैं। जानकारों की मानें तो सदन में स्पीकर का फैसला ही आखिरी और सर्वमान्य होता है। अगर स्पीकर फैसला करे कि कार्यवाही का कोई हिस्सा रिकॉर्ड में नहीं जायेगा, तो वह नहीं जाता है। स्पीकर के फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। दल-बदल कानून के मामले में भी स्पीकर ही फैसला करते हैं। हालांकि उस वक्त वे ट्रिब्यूनल की तरह फैसला करते हैं और ऐसे मामले में फैसले को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

### ओम बिरला आये चर्चा में

ओम बिरला राजस्थान सरकार में संसदीय सचिव थे। इस दौरान उन्होंने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने 2004 की बाढ़ के दौरान भी पीड़ितों की जमकर मदद की। साल 2006 में ओम बिरला सुर्खियों में उस वक्त आये, जब उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कोटा और बूंदी में आयोजित आजादी के स्वर कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक अधिकारियों को सम्मानित किया था। एक और वाकया बड़ा हाइलाइट हुआ था, जब साल 2023 में राहुल गांधी लोकसभा में बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी को मित्र बताते हुए पीएम पर निशाना साधा था। इसके बाद सत्ता पक्ष ने हंगामा कर दिया था। इसके बाद जब राहुल गांधी अपने भाषण को खत्म कर सीट पर बैठे तो स्पीकर बिरला ने कहा कि कोई भी बाहर यह ना कहा कहे कि स्पीकर साहब माइक बंद कर देते हैं। यह अच्छी बात नहीं है। इसके बाद राहुल गांधी स्पीकर बिरला की बात सुनकर फिर खड़े हुए और बोले स्पीकर साहब यह बात तो सही है कि आप माइक बंद कर देते हो।

# जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में पिछड़ों को उम्र सीमा में 5 वर्ष छूट की अनुशंसा

**सरकार को भेजा प्रस्ताव**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी और अन्य राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में ओबीसी उम्मीदवारों को उम्र सीमा में पांच वर्ष छूट देने की तैयारी की जा रही है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की अधिकतम उम्र सीमा में छूट दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने की अनुशंसा की है। आयोग ने इसके लिए नियमावली में आवश्यक संशोधन करने की अनुशंसा भेजी है। आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को दिये पत्र में कहा है कि जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में अत्यंत पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में अधिकतम दो साल की छूट है, जबकि यूपी, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में पांच वर्ष की छूट है।

यह भी लिखा है कि पिछड़ा वर्ग आयोग की इसी साल हुई बैठक में उम्र सीमा में पांच वर्ष छूट देने की अनुशंसा आयोग ने 27 फरवरी को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग को की थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। अब विभिन्न पदों पर नियुक्ति होने वाली है। इसलिए बैठक में फिर से अनुशंसा भेजने का फैसला लिया गया। बता दें कि फिलहाल, झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में ओबीसी उम्मीदवारों को उम्र सीमा में केवल दो वर्ष की छूट मिलती है। बिहार में अधिकतम तीन वर्ष और छत्तीसगढ़ में पांच वर्ष तक की छूट का प्रावधान है।

# कलावती कंस्ट्रक्शन के संचालक को तीन साल की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अलकतरा घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कलावती कंस्ट्रक्शन के संचालक विजय कुमार तिवारी को पीएमएलए के विशेष कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनायी है। साथ ही उसपर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया हैञ दरअसल, अलकतरा घोटाला से प्राप्त 55.42 लाख रुपये का मनी लांड्रिंग करने का वह आरोपी पर था। इडी ने साल 2012 में मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। वर्ष 2007-08 में विजय कुमार तिवारी की कंपनी को पलामू में सड़क मरम्मती का काम मिला था।

# मंत्री ने सिरमटोली फ्लाइ ओवर का निरीक्षण किया, सितंबर तक पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री बसंत सोरेन ने बुधवार को सिरमटोली फ्लाइ ओवर का निरीक्षण किया। बसंत सोरेन ने निरीक्षण कर विभागीय सचिव समेत अन्य अधिकारियों से बातचीत की और सितंबर तक इस फ्लाइ ओवर को कंप्लीट करने का निर्देश दिया। बता दें कि रांची शहर की ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने का सिरमटोली फ्लाइ ओवर एक बेहतरीन विकल्प है। इस फ्लाइ ओवर के निर्माण कार्य में



विलंब नहीं हो, इसको लेकर के अभी हाल ही में सीएम चंपाई सोरेन ने भी फ्लाइ ओवर का निरीक्षण किया था।

# अमर कुमार बाउरी ने विपक्ष के विधायक को उप सभापति बनाने की मांग उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने तंज कसा है। इसे लेकर राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस, राजद से झारखंड विधानसभा में विपक्ष के विधायक को उप सभापति बनाये जाने की मांग की है। इस संबंध में सोशल मीडिया के जरिये भी अपनी मंशा जाहिर की है। कहा है कि दोहरा चरित्र कांग्रेसियों की प्रमुख नीति है। इसके बाद अमर बाउरी ने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार से आग्रह किया है कि झारखंड विधानसभा में उप सभापति के पद पर अविलंब विपक्ष के विधायक को निर्वाचित किया जाये। इस फैसले में देरी ना करें। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि दूसरों पर तोहमत लगाने से पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखो। आखिर हुजूर यह हालत क्यों बनी। दूसरों की पकी हुई फसल को काटकर अगर अपने खेत पर ले जाओगे, तो परिणाम ऐसे ही निकलेंगे।

# रांची-धनबाद में 5500 करोड़ की लागत से सीवरेज परियोजना का डीपीआर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने रांची-धनबाद शहरी क्षेत्र में एडीबी के सहयोग से सीवरेज परियोजना का नये सिरे से डीपीआर तैयार करा लिया है। फिलहाल एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तीय सहयोग से यह परियोजना पूरी कराने का प्रस्ताव है। दोनों शहरों को मिलाकर 5500 करोड़ की योजना तैयार की गयी है। सिर्फ रांची सिवरेज सिस्टम के निर्माण की योजना 3000 करोड़ की अनुमानित है। राजधानी के सभी 53 वार्डों को चार जोन में बांट कर सिस्टम को लगाया जायेगा। नगर विकास विभाग ने इस काम के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक भी कर चुका है। जुडको के जरिये इसका क्रियान्वयन करवाया जायेगा। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द ही एडीबी से इसकी स्वीकृति ली जाये। हालांकि नगर विकास सचिव ने इस संबंध में विश्व बैंक के अधिकारियों से भी वार्ता की है। विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने इस पर सकारात्मक रूख अपनाया है। ऐसे में अगर एडीबी से वित्तीय सहायता नहीं मिलती है तो सरकार वर्ल्ड बैंक के वित्तीय सहयोग से परियोजना प्रारंभ कर सकती है।

# मुजफ्फरपुर में नौकरी के नाम पर यौन शोषण

## झारखंडी बेटियों के साथ मारपीट और रुपये भी ठगे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार के मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के बखरी में फर्जी नेटवर्क कंपनी के नाम पर लड़कियों को झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में नये-नये खुलासे हो रहे हैं। झारखंड के पाकुड़ और दुमका की किशोरियों ने खुलासा किया था। इन लड़कियों को रोजगार के नाम पर फंसाया गया। इन लोगों के साथ न केवल मारपीट की गयी और रुपये ठगे गये, बल्कि यौन शोषण भी किया गया है। किसी को कम्प्यूटर जॉब तो किसी को ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी में नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण किया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवतियों से आरोपित संपर्क करता थाण इसके बाद लड़कियों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर जाल में



फंसाता था। उसके साथ मारपीट और यौन शोषण किया जाता था। इस दौरान युवतियां की तस्वीर ले ली जाती थी। पुलिस छानबीन में पता चला है कि डीबीआर कंपनी में काम करने वाली झारखंड की एक नाबालिग की मां ने पूर्वी चंपारण स्थित रक्सौल थाने में भी पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी करायी है।

बिहार के मुजफ्फरपुर में 17 जून को नौकरी देने के नाम पर कई लड़कियों के यौन शोषण का मामला सामने आया है। अहियापुर थाना क्षेत्र में कई लड़कियों को नौकरी देने का झांसा देकर बंधक बनाया गया, उनके साथ मारपीट की गयी और फिर उनका यौन शोषण भी किया गया। छपरा की एक पीड़िता ने अहियापुर थाने में मामला दर्ज कराया, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। पिटाई का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें पीड़िता की बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की जा रही थी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर महिलाओं के लिए जॉब ऑफर के पोस्ट के माध्यम से वह संस्था से जुड़ी, जहां अप्लाई करने पर चयन होने के बाद प्रशिक्षण के नाम पर 20 हजार की मांग की गयी। 20 हजार जमा करने के बाद बहुत सारी लड़कियों के साथ उसे अहियापुर थाना क्षेत्र में रखा गया। लगभग तीन महीने तक गुजर जाने के बाद भी जब सैलरी नहीं मिली, तो उसने संस्था के एक अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी, तब उसे यह बताया गया कि 50 और लड़कियों को संस्था से जोड़ने पर उसकी सैलरी 50 हजार कर दी जायेगी। पुलिस अहियापुर स्थित संस्था के कथित दफ्तर और हॉस्टल में छापेमारी कर बंधक बने लड़कियों को छुड़ाया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.6 °c | 25.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |




# जमीन दलाल कमलेश कुमार के इशारे पर काम करते थे कांके सीओ जय कुमार राम

## सीओ ने 34.89 एकड़ की फर्जी जमाबंदी खोलकर चामा मौजा में 2.63 एकड़ जमीन दाखिल-खारिज की

सुनील कुमार गुप्ता

**कांके (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कांके अंचल कार्यालय का विवादों से गहरा नाता रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस इलाके के जमीनों के दामों में बेतहाशा वृद्धि का होना। विवादों की कड़ी में एक नया नाम उभर कर सामने आया है वह है सीओ जयकुमार राम का। इन्होंने पूर्व के सीओ से दो कदम आगे चलकर जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के साथ अपनी दोस्ती निभाते हुए पार्टनर ही बन गये और अपने पार्टनर को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने को लेकर सरकार द्वारा प्रदत्त जादुई डिजिटल हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर चामा मौजा के कई खातों की जमीनों के पंजी-2 में पहले से चली आ रही जमाबंदी को गायब कर कमलेश कुमार द्वारा बताये गये नाम की जमाबंदी खोल दी और हजारों, लाखों नहीं करोड़ों रुपये कमाने के लिए कमलेश कुमार का साथ दिया। श्री राम ने चामा मौजा के भाग संख्या 5 पेज संख्या 26 में जमाबंदी रैयत दुखन साहू पिता भानु साहू के नाम पर 39 खातों के विभिन्न प्लाट में जमीन का कुल रकबा- 34.89 एकड़ खोल दिया। जमीन के ऑनलाइन जमाबंदी खोलकर हेरा-फेरी की। इसी कड़ी में अपने पार्टनर कमलेश कुमार को काफी लाभ पहुंचाया। इसी बीच कमलेश कुमार ने चामा मौजा के खाता संख्या-5, 19 और 75 जो आदिवासी खाते की जमीन है। इसके दस्तावेजों में जमीन का नेचर बदलकर हेराफेरी कर 263.4 डिसमिल जमीन बिक्री की और इसका दाखिल खारिज भी जय कुमार राम से कराया। इसका दाखिल खारिज वाद संख्या-6246, 7200 व 10169 वर्ष 2023 - 2024 है। इस दाखिल-खारिज में राजस्व उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद ने सीओ का साथ दिया।



जब कमलेश कुमार के यहां इडी की रेड पड़ी और एक करोड़ रुपये नगद सहित 100 राइफल के कारतूस मिले। तो सीओ साहब के होश ठिकाने लग गये। अपने किये कराये पर पानी फिरता देख अंचल अधिकारी जयकुमार राम ने अनुचित तरीके से जमीन में की गयी ऑनलाइन हेराफेरी को मिटाने में अपना दमखम लगा दिया और इन्होंने कमलेश कुमार के लिए जितने भी जमाबंदी खोली थी। सभी को गायब करना आरंभ कर दिया। कमलेश कुमार के यहां इडी की रेड 21 जून को पड़ी। 21 जून को इन्होंने अंचल के चामा मौजा के भाग संख्या 5 पेज संख्या 26 में खोली गयी 38.89 एकड़ फर्जी जमाबंदी को बदलकर उनके खातों को 01 और प्लाट संख्या में 001 से 007 कर दिया। वहीं जमाबंदी रैयत दुखन साहू के नाम को हटाकर अज्ञात कर दिया। जबकि कुल रकबा 13. 2136 डिसमिल कर दिया। लगान रसीद निर्गत होने का ऑप्शन हटा दिया। जानकार सूत्रों और कांके के अंचल कर्मियों ने बताया कि जिस दिन से कमलेश कुमार के यहां इडी का छापा पड़ा है। उसी दिन से सीओ जय कुमार राम कार्यालय आये ही नहीं हैं और इन्होंने अपने कारनामों को छुपाने के लिए इन खातों से जितने भी दाखिल खारिज हुए हैं। उनको रद्द करने को लेकर रांची बैठे आला अधिकारियों को पत्र लिखा है। ताकि नौकरी के साथ-साथ इडी की निगाहों से भी सुरक्षित हो सकें। क्योंकि जादुई डिजिटल हस्ताक्षर से पंजी 2 गायब करने में जयकुमार राम माहिर हैं। लेकिन अपने द्वारा किये गये दाखिल खारिज को ये जादुई डिजिटल से गायब नहीं कर सकते हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, विरोधियों पर विजय पाने की कोशिश सफल हो सकती है।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# नशा मुक्त राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

## मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यस्तरीय जागरुकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विशेष जागरुकता अभियान चलाकर जन-जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को मोरहाबादी मैदान पर आयोजित मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों से नशे से बचने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्कर विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशीली पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन ने कई जगहों पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा आदि मादक पदार्थों की रिकवरी भी हुई है। सैकड़ों की संख्या में आरोपितों को जेल भेजा गया है। जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है तथा सप्लाई चेन को चिह्नित कर कार्रवाई भी की जा रही है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं। युवाओं को नशा मुक्त रख कर ही समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी परिवार या समाज नशा मुक्त रहकर ही उन्नति की मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मनुष्य जीवन में नशा नाश का कारण बनता है। नशा शारीरिक खतरा है। नशा से शरीर को क्षति पहुंचती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग अगर नशे की चपेट में रहेंगे, तो उनके जीवन के साथ राज्य और देश के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी हाल में राज्य के युवाओं को नशे की चपेट में नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोगों को यह संकल्प और प्रतिज्ञा लेने का दिन है कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभायेंगे।

### इनकी रही मौजूदगी

**इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला बाल विकास-समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी सीआइडी अनुराग गुप्ता, आइजी सीआइडी, डीआइजी, उपायुक्त रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची सहित अन्य उपस्थित थे।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतरू संकल्पित झारखंड सरकार पुस्तक का अनावरण भी किया गया। मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में मानव शृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों का मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

# सीएम से मिले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को बूटी रोड मोरहाबादी रांची स्थित आवास में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# तारीख पर तारीख: 29 साल बाद फैसला

### सिविल कोर्ट में निपटाया गया केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में चल रहे विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन 29 वर्षों पुराना एक मामला सुलझाया गया। प्रथम पक्ष कन्हाई साहू और द्वितीय पक्ष और प्रमिला देवी, शिशुपाल शर्मा और दुर्गा कुमारी के बीच में मध्यस्थ अधिवक्ता मनीषा रानी और अधिवक्ता राम नारायण साहु के योगदान से दोनों पक्षों के बीच में सुलह हो गया। दरअसल, वर्ष 1996 में ट्रक और कार की टक्कर में प्रमिला देवी के पति का निधन हो गया था। उस समय उनके बच्चे बहुत छोटे थे। प्रमिला देवी द्वारा एमएसीटी लोहरदगा में कंपनसेशन वाद संख्या 180-1996 प्रस्तुत की गयी थी, जिसमें वर्ष 2005 में आदेश हुआ। इसके बाद वाहन मालिक कन्हाई साहू के द्वारा प्रमिला देवी और उनके बच्चों को कंपनसेशन देने का आदेश हुआ था। इसके विरोध में रामनारायण साहू ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को मान्य किया। मध्यस्थता के दौरान दोनों पक्षों के बीच कई बैठकों के बाद मध्यस्थ के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच सुलह हुआ और रामनारायण साहू के द्वारा प्रमिला देवी और उनके बच्चों को उचित राशि प्रदान की गयी।




# दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची जोन के डीआइजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे और सफेद कबूतर उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।



मौके पर डीआइजी अनूप बिरथरे ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि तनाव भी कम होता है। डीआइजी ने कहा कि एक तरफ जहां तनाव पुलिसकर्मियों के लिए चुनौती है। वहीं दूसरी तरफ इससे उबरने के लिए फिट रहना भी जरूरी है। यह खेल से ही संभव हो सकता है। खेल से तनाव दूर होता है। इस तरह के आयोजन की पुरानी परंपरा रही है। इसी के तहत आयोजन किया गया है।

इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ियों को पुलिस नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा। इस मौके पर कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### मैनहर्ट घोटाला

# हाइकोर्ट ने खारिज की सरयू राय की क्रिमिनल याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने विधायक सरयू राय की उस क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मैनहर्ट घोटाला की जांच की मांग की थी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 22 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि विधायक सरयू राय झारखंड विधानसभा में भी मैनहर्ट का मुद्दा उठा चुके हैं। सरयू राय ने बताया कि झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद रांची के कुछ समाजसेवी की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दी गयी, जिसमें कोर्ट ने 2003 में अहम आदेश दिया है। इसमें प्रदेश सरकार को राजधानी रांची में भी सीवरेज-ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए कहा था। उस आदेश के बाद तत्कालीन नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के आदेशानुसार परामर्शी बहाल करने के लिए टेंडर निकाल कर दो परामर्शियों का चयन किया गया, लेकिन इसी बीच सरकार बदल गयी। 2005 में अर्जुन मुंडा सरकार में नगर विकास मंत्री रघुवर दास बनाये गये। 31 अगस्त को बैठक में फैसला लिया गया कि पहले से चयनित परामर्शी को हटा दिया जाये। बाद में यह मामला हाइकोर्ट में भी गया। आरोपों के मुताबिक इस पर तकरीबन 21 करोड़ रुपये खर्च हुए, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। इसकी जांच भी करायी गयी, लेकिन जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। झारखंड की राजधानी रांची में सिवरेज ड्रेनेज निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए जिस मैनहर्ट को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया, उसमें अनियमतता का आरोप है।

# पानी को संरक्षित रखने के साथ जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाना होगा: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि रांची में सिर्फ पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने से कुछ नहीं होगा। जल स्त्रोतों के पानी को संरक्षित रखने और डैम के कैचमेंट एरिया को बनाये रखने के साथ शहर के जल स्त्रोतों यथा हिनू नदी, कांके डैम, हटिया डैम, गेतलसूद डैम से अतिक्रमण हटाना होगा। कांके डैम में नाली का पानी अभी भी गिर रहा है। वहीं लगातार गंदगी डाले जाने और अतिक्रमण से हरमू नदी नाले के रूप में बदल चुकी है। कोर्ट ने कहा कि नगर विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाये, जो एक सप्ताह में शहर के डैम में अतिक्रमण और जल स्त्रोतों में पानी संरक्षित रखना, कैचमेंट एरिया को बनाये रखना आदि विषयों पर बैठक करें और तीन सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इससे पूर्व सुनवाई के दौरान कोर्ट में सशरीर उपस्थित पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव एवं नगर विकास के विभाग के सचिव ने कोर्ट को बताया कि रांची शहर में पेय जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने जा रहे हैं। पाइपलाइन के माध्यम से वर्ष 2026 तक 2 लाख घरों को पानी का कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा वॉटर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर रांची के गंदे पानी की सफाई की जायेगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट में सशरीर उपस्थित रांची नगर निगम के प्रशासक ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब की स्थाई सफाई के लिए कई एजेंसियों से बात की जा रही है, टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर बड़ा तालाब की सफाई की जायेगी। कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर के कई इलाके नगरमल मोदी सेवा सदन के आसपास, हरमू के निचले क्षेत्र, थड़पखना आदि जगहों में 2 घंटे की वर्षा के बाद नाली का पानी सड़कों पर आ जाता है और लोगों का आना-जाना मुश्किल रहता है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम के प्रशासक से मौखिक कहा कि अभी मानसून आने वाला है। राजधानी में वर्षा होने पर सड़कों पर नल का गंदा पानी आ जाता है। ऐसे में नाले की सफाई कर उसे दुरुस्त रखें, ताकि गंदा पानी सड़क पर ना आये। सुनवाई के दौरान रांची शहर के मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने वाले अधिवक्ताओं की कमेटी की ओर से कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। कोर्ट ने रांची नगर निगम को इस रिपोर्ट का अवलोकन कर इस संबंध में लिये गये एक्शन की जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई निर्धारित की है। रांची में जलस्त्रोतों के संरक्षण और तीन डैम की साफ-सफाई, अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई।




### हाइकोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने वाटर हार्वेस्टिंग पर दी रिपोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में जल स्त्रोतों के संरक्षण और तीन डैमों की साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में अब 25 जुलाई को सुनवाई होगी। बुधवार को हाइकोर्ट द्वारा गठित की गयी छह अधिवक्ताओं की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट अदालत को सौंप दी है, जिसके बाद अदालत ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता को अपनी फाइनल रिपोर्ट 28 जून तक जमा करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट ने छह वकीलों की एक टीम गठित की थी, जिसने शहर के अलग-अलग इलाकों में बनी बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण कर हाइकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी है। बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। याचिका में कहा गया है कि शहर में तेजी से मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।**

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# इसाई धर्मावलंबी गोवा तीर्थ दर्शन के लिए करें आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत इसाई धर्मावलंबियों को जुलाई में गोवा तीर्थ दर्शन कराया जायेगा। गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के 88 लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए रांची जिले के आवेदकों को 29 जून तक विकास भवन में आवेदन जमा करना होगा। तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। वह झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए। करदाता नहीं होना चाहिए। तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों के सदस्यों के सहयोग के लिए एक पारिवारिक सदस्य सहयात्री के रूप में उनके साथ जा सकते हैं। इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा।



तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग से पीड़ित नहीं होना चाहिए। मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र जिसमें यात्रा प्रमाणपत्र के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए। आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ और एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा। यदि गरीब वरिष्ठ नागरिकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते हैं, तो चयन के लिए पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जायेगा। एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या 25 होगी। इससे अधिक मान्य नहीं होगा।

### क्या है चयन प्रक्रिया

**तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा। सबसे पहले सभी आवेदन क्रम में बांट लिया जायेगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है, तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची भी तैयार की जायेगी। राज्य और जिला के कुल यात्रियों की संख्या झारखंड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जायेगा। इस आयोजन में चयनित आवेदनों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के कम होने पर झारखंड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द भी कर सकता है।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# मटका सिंह के रिश्तेदारों ने की फायरिंग, दहशत

## दो घायल, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डोरंडा के मणिटोला इलाके में उस समय अफरातफरी मच गयी, जब दो युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। युवक मणिटोला के रहनेवाले हैं। मो आरिफ और मो शहवाज पर ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे। आरोप है कि फायरिंग के समय दोनों यह भी कह रहे थे कि जमीन का काम करोगे तो यही हाल होगा। फायरिंग में मो आरिफ और शहवाज घायल हुआ है। फायरिंग का आरोप डोरंडा के रहनेवाले मटका सिंह, मो जावेद के रिश्तेदारों पर है। चश्मदीदों ने मो नवाज और एक अन्य की पहचान की है। बुधवार को दिनदहाड़े हुई इस घटना की जांच में पुलिस जुट गयी है। शक के आधार पर पुलिस ने कुछ युवकों को डोरंडा थाना पूछताछ के लिए लायी है। पुलिस का कहना है कि आपसी विवाद को लेकर एक पक्ष की ओर से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी। साथ ही गोलीबारी की घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार हुआ। आरपीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए जहानाबाद जिला के रहने वाले रोशन कुमार नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। उसके ट्रॉली बैग में रॉयल व्हिस्की की 36 बोतलें मिलीं। बता दें कि रांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में शराब की धड़पकड़ के लिए ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम द्वारा रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक पर जांच के दौरान एक युवक संदिग्ध तरीके से एक भारी बैग के साथ खड़ा देखा गया, जब उसे हिरासत में लेकर उसके बैग की जांच की गयी तो उसमें शराब बरामद हुआ। युवक ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह शराब को लेकर बिहार जा रहा था।

## प्रदूषण मुक्त कोयला परिवहन की दिशा में रेलवे ने की नयी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** पर्यावरण के अनुकूल कोयला परिवहन की दिशा में अहम कदम उठाते हुए धनबाद मंडल में कोयला की लोडिंग के लिए कोल साइडिंगों पर साइलो संयंत्र लगाये गये हैं। इससे प्रदूषण मुक्त कोयला परिवहन को बढ़ावा देने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में धनबाद मंडल के अंतर्गत दुधीचुआ, जयंत, बीना, गोरबी, राजधार, नॉर्थ उरीमारी तथा केआरएसएल कोल साइडिंग पर साइलो संयंत्र से कोयले की लोडिंग की जा रही है । इन साइलो से प्रतिदिन औसतन 24 रेक कोयले की लोडिंग की जा रही है । निकट भविष्य में इसमें वृद्धि करते हुए केडीएचए बानाडाग और निगाही कोल साइडिंग पर भी साइलो संयंत्र लगाये जायेंगे। बता दें कि मालगाड़ी के डिब्बो में जब साइलो संयंत्र से कोयले को भरा जाता है, तब धूल और प्रदूषण में काफी कमी आती है। नयी व्यवस्था के बाद कन्वेयर बेल्ट से पहले कोयले को ऊपर पहुंचाया जाता है, फिर इसे वैगन में लोड किया जाता है, जिससे मालगाड़ी के बगल में खड़े व्यक्ति को भी धूल और प्रदूषण की शिकायत नहीं होती है।

## मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सीएमपीडीआइ का दौरा किया



रांची (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार सीएमपीडीआइ का दौरा किया और संस्थान के सतर्कता विभाग द्वारा किये गये निवारक सतर्कता उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) एसके दुबे, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) अमरेश कुमार समेत महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सीएमपीडीआइ द्वारा किये जा रहे निवारक सतर्कता उपायों जैसे औचक निरीक्षण, निविदा फाइल जांच, आडिट रिपोर्ट जांच, प्रशिक्षण व सेमिनार आदि के बारे में संक्षेप में बताया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने सीएमपीडीआइ के सतर्कता विभाग के प्रयासों की सराहना की और औचक कोयला स्टाक माप करने के लिए कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के सतर्कता विभाग को अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएमपीडीआई की भी प्रशंसा की।

## भगवान कृष्ण की स्तुति का मथुरा में हुआ विमोचन

रांची (आजाद सिपाही)। महान कृति कल्कि 2898 एडी रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। फिल्म का नया गाना थीम ऑफ कल्कि पेश किया है, जो भगवान कृष्ण की स्तुति है। भावपूर्ण और दिव्य गीत गौतम भारद्वाज द्वारा गाया गया है। संगीत संतोष नारायण का है और गीत कुमार के हैं। इसके आकर्षक गीत और भावपूर्ण संगीत जो कानों को अमृत की तरह महसूस कराता है। एक दिव्य वातावरण बनाता है। यह गाना मथुरा की पवित्र भूमि और भगवान कृष्ण की जन्मस्थली में हुई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, प्रभास सहित कई शानदार कलाकार हैं। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में प्रात: दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ और भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम मंदिर परिसर पर हुआ। 27 जून को पानीपत से कानपुर के लिए ज्योत यात्रा आरंभ होगी और रात्रि विश्राम कानपुर में होगा।

## बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में कोताही नहीं हो : दीपक बिरुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने बुधवार को विभाग के कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना के पूरी तरह से क्रियान्वयन में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि राज्यवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसे सुनिश्चित किया जाये। दीपक बिरूआ ने वाहन चलाने में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने की बात कही, ताकि सड़क हादसों को कम किया जा सके। मंत्री ने इस अवसर पर परिवहन विभाग को राजस्व वृद्धि करने के लिए कार्य करने को कहा। साथ ही ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई और चेकनाका पर वाहनों की जांच तत्परता से करने को कहा। परिवहन विभाग की बैठक में परिवहन सचिव कृपानंद झा, परिवहन संयुक्त आयुक्त सहित अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मारवाड़ी कॉलेज में जागरूकता सप्ताह



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी महाविद्यालय में पिछले एक सप्ताह से चल रहे मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जागरूकता सप्ताह का समापन सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य को सहायक प्राध्यापक सह एनसीसी की केयर टेकर अफसर संगीता तिग्गा और डॉ अवध बिहारी महतो द्वारा पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न द्वारा सम्मानित करते हुए स्वागत कर किया गया। इसके बाद स्किट प्रतियोगिता के विजेता टीम द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए नाटिका प्रस्तुत की गयी। इस नाटिका में नशा से बर्बादी और उससे होने वाली हानियों के बारे संदेश दिया गया । यह भी संदेश दिया गया कि अपने पढ़ाई से ध्यान देकर आगे बढ़ने और लक्ष्य को हासिल करना है तो नशा की ओर न जाकर उससे दूर रहना है और सभी को नशा से दूर रखना है । नशा से सिर्फ हानियां ही होती हैं। इसके सेवन से हम सब कुछ खो देते हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम आदित्य कुमार राम, द्वितीय रोशन मुंडा, तृतीय रंथु मुंडा, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कैडेट प्रेमा बाखला, द्वितीय त्रिदेव कुमार, तृतीय नेहा कुमारी, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम मुन्ना कुमार, द्वितीय रोशन मुंडा, तृतीय अमन नायक और राजेंद्र मुंडा रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम कैडेट शालू कुमारी, प्रियंका मुंडा, दीपिका कच्छप, द्वितीय नेहा कुमारी, तृतीय कृति कुमारी, राजेंद्र मुंडा, आलोक तिग्गा और स्किट प्रतियोगिता में नेहा कुमारी की टीम के साथ जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कैडेट प्रवीण हजाम, रवि विश्वकर्मा, धीरज साहू, सजनी लकड़ा को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। मौके पर डॉ अवध बिहारी महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### ओम बिरला को स्पीकर चुने जाने पर मारवाड़ी सम्मेलन ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। ओम बिरला को 18वीं लोकसभा में अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन और अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने ओम बिरला को स्पीकर चुने जाने पर कहा कि श्री बिरला सरल स्वभाव, मिलनसार, मृदुभाषी, शालीनता, स्पष्टवादिता, और कुशल राजनीतिज्ञ हैं। श्री बिरला को दूसरी बार 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुना जाना पूरे मारवाड़ी समाज के लिए गौरव की बात है। पूरे समाज में खुशी की लहर है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, सुरेश चंद्र अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, कमल कुमार केडिया, रमण वोडा, पवन शर्मा, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल समेत अन्य ने बधाई दी।

### कोल वाशरी निविदाओं में भागीदारी के लिए सीसीएल में स्टेकहोल्डर्स मीट




रांची (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया के निर्देशन में कोल वाशरी निविदाओं में अधिकाधिक भागीदारी के लिए हितधारकों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर अपर सचिव कोलया मंत्रालय एम नागाराजु, चेयरमैन पीएम प्रसाद, निदेशक बी वीरा रेडी, सीएमडी सिमिरन दत्ता, मनोज कुमार, एन के सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। हितधारकों की ओर से 25 से अधिक कंपनियों, जिसमें कोल वाशरी ऑपरेटर, तकनीक प्रदायक, माइनिंग और स्टील उत्पादक कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हरीश दुहान, विकास कच्छप समेत अन्य मौजूद थे।

### डीएसपीएमयू के शिक्षक डॉ राजेंद्र महतो की लिखी पुस्तक का विमोचन



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के आइटी विभाग में शिक्षक डॉ राजेंद्र कुमार महतो द्वारा लिखित पुस्तक कंप्युटर आर्गेनाइजेशन और आर्किटेक्चर का विमोचन कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। मौके पर उन्होंने इस पुस्तक को एक बेहतर संदर्भ ग्रंथ, पठनीय रोचक पुस्तक और नवीन तकनीकों से युक्त पुस्तक बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया में इस पुस्तक के अवलोकन से प्रतीत होता है कि पुस्तक की उपयोगिता सभी वर्गों के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि विगत कुछ अंतराल में विश्वविद्यालय से कंप्यूटर, विज्ञान और सामाजिक संकाय की कई पुस्तकें विद्यार्थियों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के द्वारा लिखी गयी है, जो इस विश्वविद्यालय के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय में एक व्यापक पुस्तकालय के निर्माण की योजना है, जहां अन्य पुस्काओं के साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी संग्रह होगा। लेखक डॉ राजेंद्र कुमार महतो ने कहा कि यह पुस्तक नयी शिक्षा नीति 2020 तहत लिखी गयी है, जो सभी के लिए उपयोगी है। खास कर जो कंप्यूटर क्षेत्र से जुड़े नहीं हैं, उनके लिए भी यह विशेष रूप से लाभप्रद होगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, एफओ आनंद मिश्रा, डॉ एसएन सिंह, डॉ अनुपम कुमार, डॉ आइन साहू, डॉ जाफर अब्बास मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## थल सेना कैंप चयन सह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 19वीं झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा आयोजित साईंनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित शिविर का रंगारंग कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 18 जून से हुआ था। उक्त शिविर में विभिन्न बटालियन के 575 एनसीसी कैडेट ने भाग लिया, जिसमें थल सैनिक कैंप के लिए 187 कैडेट और वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 388 कैडेट शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं करायी गयीं। इन प्रतियोगिताओं में चयनित कैडेट नयी दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए रांची ग्रुप एनण्सीण्सी का प्रतिनिधित्व करेंगे। 19वीं झारखंड बटालियन के कमांडिंग अफसर, एडम अफसर, सूबेदार मेजर सहित अन्य मौजूद थे।

## सरना धर्म कोड को तुरंत लागू करे केंद्र सरकार : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद आदिवासियों को हिंदू मानना बंद करे, आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं, उसे केंद्र सरकार अविलंब लागू करे। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव कुमुदीनी प्रभावती ने कही। वह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता का ये कहना है कि मिशनरियों को गोवा नहीं ले जाये, उन्हें मालूम होना चाहिए कि पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार के समय से ही सभी धर्मों के अनुयायियों को उनके पवित्र स्थल का दर्शन कराते आ रहे हैं। इसी कड़ी में इसाई धर्मावलंबियों के 60 साला से ऊपर के व्यक्तियों को गोवा भ्रमण कराने का आवेदन राज्य सरकार द्वारा मांगा गया है। इस पर किसी भी सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने वाले संगठन को आपत्ति करने की कोई औचित नहीं है उनको यह जान लेना चाहिए कि यह झारखंड है। यहां सभी संप्रदाय के लोग मिलजुल कर रहते हैं। इसमें जहर घोलने का प्रयास न करें, वरना यहां के आदिवासी मूलवासी ऐसे फिरकापरस्त लोगों को नागपुर खदेड़ने में देर नहीं लगायेंगे।

## माहेश्वरी महिला समिति का प्री मॉनसून मेला आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माहेश्वरी महिला समिति के द्वारा प्री मॉनसून मेला का आयोजन 27-29 जून को माहेश्वरी भवन में किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है। मेले की संयोजिका विजयश्री साबू ने बुधवार को माहेश्वरी भवन में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि होनहार महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आगे आने को प्रोत्साहित करना भी मेले का एक लक्ष्य है। महिला समिति की उपाध्यक्ष अनीता साबू और सचिव बिमला फलोर ने बताया कि मेला लगाने का मकसद यही है कि छोटे उद्यमी घर बैठे कम पूंजी में काम करते हैं, उन्हें अपनी पहचान बनाने के लिए एक प्लेटफार्म मिले। मेला में रांची के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा कोलकाता, सूरत, मुंबई, राजस्थान, बनारस, बैंगलोर जैसे कई जगहों से 43 स्टॉल के लिए बुकिंग हुई है। कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए कुछ स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मेला में रियल डायमंड जेवलेरी, डिजाइनर साड़ी, लहंगा, कुर्ती, हैंड मेड ज्वेलरी, गिफ्ट आइटम, राखी, लड्डू गोपाल की पोशाक के साथ उनकी श्रृंगार सामग्री, बेडशीट, बैग, लजीज व्यंजन आदि का स्टॉल है। मौके पर महिला समिति अध्यक्ष भारती चितलांगिया, रांची माहेश्वरी सभा अध्यक्ष किशन साबू, रांची सभा सचिव नरेंद्र लखोटिया, मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी के साथ सभी महिला समिति सदस्य भी उपस्थित थीं।

## संत जेवियर्स कॉलेज में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में बुधवार को आइक्यूएसी, झारखंड पुलिस और सीआइडी के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ चलाये जा रहे जागरूकता पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम कॉलेज के फादर सी डिब्रावर सभागार में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा, एसजे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस दौरान प्राचार्य ने कॉलेज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जीवन बहुत अनमोल है इसलिए नशे से दूर रहकर खुद को आयुष्मान व स्वस्थ रखा जा सकता है। सभागार में मुख्य अतिथि तौर पर उपस्थित सीआइडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि मादक पदार्थों को ना कहने की आदत रखनी चाहिए। इसमें पुलिस विभाग हर संभव मदद करेगा। पुलिस विभाग द्वारा इसके रोकथाम पर हेल्पलाइन नंबर जारी कर व कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सीआइडी के डीआईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा कि नशे की लत का कारण बुरी संगत से भी पड़ता है। इसलिए अच्छे और स्वच्छ समाज में खुद को रखना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। अनुरंजन किस्पोट्टा ने भी मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं जागरूकता को लेकर बहुत ही अच्छा संदेश दिया। डीआइजी संध्या रानी मेहता ने सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों व छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्रा सुप्रिया नाग व साक्षी ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में बताकर कॉलेज के विद्यार्थियों को जागरूक किया। झारखंड जैप के द्वारा बैंड की दो धुन पर लाइव प्रस्तुति दी गयी। मौके पर डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. शिव कुमार, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. सौम्या सिन्हा, डॉ. आशुतोष पांडेय व अन्य प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और विभागों से प्रस्ताव मांगा है।

## इ-टिकट की कालाबाजारी करने का आरोपी गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। इ टिकट की कालाबाजारी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ की टीम ने रांची जिले की गोंदा थाना की पुलिस के सहयोग से कांके रोड स्थित चांदनी चौक के पास छापेमारी कर रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 14 इ टिकट बरामद किये गये, जिसका कुल मूल्य 39 हजार रुपये आंका गया। बता दें कि आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि चांदनी चौक के पास इ टिकट की कालाबाजारी की जा रही है। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसे रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## गंगा प्रसाद बुधिया की पुण्यतिथि मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर मोरहाबादी के प्रांगण में स्व गंगा प्रसाद बुधिया की पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार बुधिया, माता शारदा बुधिया, सचिव दिलीप पाहन, हरि कृष्ण बुधिया, सदस्य अरूण बुधिया, प्रधानाचार्य आशीष कुमार झा, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# झारखंड में सरकारी नौकरियों की बरसात

# 40 हजार नियुक्तियां अगले तीन माह में होंगी, आयोग ने जारी किया कैलेंडर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी दिनों में राज्य में आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने परीक्षा कैलेंडर जारी करते हुए इस साल के अंत तक आयोजित होने वाली परीक्षा की संभावित तिथि और उसके परिणाम की घोषणा कर दी है। इसके जरिए राज्य में 40 हजार पदों को भरा जायेगा। सीजीएल की परीक्षा भी आयोजित की जायेगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा की गयी समीक्षा बैठक में जेपीएससी और जेएसएससी को कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया था। आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार झारखंड नगर पालिका सेवा संपर्क संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परिणाम अगले महीने अगस्त के दूसरे सप्ताह में जारी किया जायेगा, जबकि झारखंड



औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परिणाम भी अगस्त 2024 के दूसरे सप्ताह में जारी किया जायेगा।

## सीजीएल-2023 की अगस्त में होगी परीक्षा

पेपर लीक के कारण स्थगित हुई झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को एक बार फिर आयोजित करने की तैयारी कर ली गयी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अपने परीक्षा कैलेंडर में इसके अगस्त के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने की संभावना जतायी है, जबकि इसका रिजल्ट अक्टूबर 2024 के तीसरे सप्ताह में जारी होने की संभावना है। झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की इंटरमीडिएट स्तर की परीक्षा का रिजल्ट सितंबर 2024 के पहले सप्ताह में जारी होगा, जबकि स्नातक स्तर की झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट अक्टूबर 2024 के दूसरे सप्ताह में जारी होने की संभावना है।

महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा 2023 जुलाई के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है और इसका रिजल्ट सितंबर 2024 के तीसरे सप्ताह में जारी हो सकता है। झारखंड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा सितंबर 2024 के पहले सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है, जबकि इसका रिजल्ट अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जारी हो सकता है। झारखंड स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन सितंबर माह में किया जायेगा तथा इसका रिजल्ट नवंबर माह में जारी किया जायेगा।

# चडरी सरना समिति के नाम पर लाभ लेने का कार्य न करें : सुरेंद्र लिंडा

चडरी-सरना समिति वैसे लोगों का अपने तरीके से और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाई करेगी

चडरी मसना की 19वीं वर्षगांठ समिति की ओर से किसी भी स्थान पर नहीं मनायी गयी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा ने कहा कि चडरी सरना समिति के द्वारा सोमवार को चडरी मसना की 19वीं वर्षगांठ समिति द्वारा किसी भी स्थान पर नहीं मनायी गयी है। कुछ लोग सामाजिक कार्यकर्ता के नाम पर चडरी सरना समिति और समिति द्वारा किये गये कार्यों का गलत ढंग से अपने लाभ के लिए गलत तरीका से समिति के नाम का इस्तेमाल कर रहें हैं। उस सामाजिक कार्यकर्ता को समिति के इतने सारे कार्यक्रम चडरी और गोपालगंज चडरी के ग्राम पंचायत में भी उसकी कभी उपस्थिति नहीं रही। उस सामाजिक कार्यकर्ता से यह भी पूछा गया कि जिस व्यक्ति को चडरी सरना समिति का संस्थापक बताया जा रहा है, उस व्यक्ति के उम्र से अधिक समिति का उम्र दुगुना हो रहा है। वह व्यक्ति संस्थापक कैसे हो सकता



है? इसलिए चडरी-सरना समिति ने ऐसे सामाजिक कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि चडरी सरना समिति के नाम पर समिति द्वारा किये गये कार्यों का लाभ लेने का कार्य न करें। समिति वैसे लोगों का अपने तरीके से और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाई करेगी। साथ ही समिति के द्वारा जितने भी आयोजन और विकास कार्य ग्राम पंचायत में जो भी कार्य होते हैं उसमें मूल रूप से चडरी, गोपालगंज चडरी में रहने वाले आदिवासी, सदान और हरिजन मिलकर सभी कार्य करतें हैं। इस परंपरा को तोड़ने का कार्य न करें चडरी सरना समिति इस तरह के हरकत को गंभीरता से लिया है।

# शतरंज खेलने से दिमाग तेज होता है : रंजन




रांची (आजाद सिपाही)। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक परिसर में छात्र गतिशील केंद्र की स्थापना की गयी है। छात्र गतिशील केंद्र बच्चों के व्यक्तिव विकास में सहायक है। छात्र गतिशील केंद्र के संयोजक कृष्णा महली के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। खेल क्लब के आयोजक रंजन पासवान का कहना है कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक एवं शारिरीक विकास होता है। शतरंज बच्चों को आगे बढ़ना सीखाती है। प्राचार्य डॉ कुमार सौरभ ने कि कहा कि शतरंज आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करती है, यादाश्त बढ़ाती है, बच्चे समस्या का हल करना सीखते हैं। संस्थान के चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी एवं चैयरमेन डॉ रंजीत कुमार ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

# नीट परीक्षा पेपर लीक के दोषियों को सजा देने की मांग झारखंड उलगुलान मोर्चा ने की

रांची (आजाद सिपाही)। देश में नीट परीक्षा को लेकर सियासी पारा उछाल पर है। इस मामले पर झारखंड उलगुलान मोर्चा ने केंद्र सरकार को घेरा। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अजहर मलिक ने कहा कि नीट एग्जाम पेपर लीक पर केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई न करने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद होना चाहिये। और पेपर लीक के मुद्दे पर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा दिलायी जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

# महिलाओं को मातृत्व से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया गया



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ. अपेक्षा साहू ने जीवा हेल्थ केयर अशोक नगर रांची में महिलाएं को मातृत्व से जुड़ी गलत फहमियों तथा भ्रांतियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी दी। उन्होने गर्भ-धारण करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओ/बातों पर चर्चा की एवं प्रसव तथा इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं के भी जानकारी दी। डॉ. अपेक्षा साहू ने मैनकॉइंड फार्मा की सहायता से महिलाओं को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की सलाह दी, इस शिविर में डॉ.अपेक्षा साहू ने नये वैज्ञानिक तथ्यों के बारे में भी जानकारी साझा की, जिससे गर्भधारण किया जा सकता है, उन्होंने मातृत्व को प्राप्त करने के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने के उपायों पर भी महिलाओं के साथ चर्चा की। डॉ.अपेक्षा साहू ने एक जागरूकता अभियान शुरू किया, जिसमें उन्होंने प्रजनन स्वास्थ्य और उन मुद्दों के बारे में लोगों को शिक्षित करने का संकल्प लिया जो संतान-प्राप्ति को आसान बना सकते हैं और इससे जुड़ी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

# आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न प्रखंड और नगर पंचायत कार्यलयों में सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर पंचायत और प्रखंड कार्यालयों में जा कर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बुधवार से शुरू हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम 6 जुलाई तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत



राज्य सभी प्रखंड, नगर पंचायत, नगर परिषद, नगर निगम की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हल्ला बोल कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार रांची जिला अंतर्गत सोनाहातू प्रखंड, देवघर जिला के देवघर प्रखंड, पलामू जिला के नवाडीह प्रखंड और लातेहार नगर पंचायत कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। कल भी पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# मां ज्वाला देवी के मंदिर से मां की अखंड ज्योति रांची रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी से बुधवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में विश्व विख्यात मां ज्वाला देवी के मंदिर से मां की अखंड ज्योत श्री राधा कृष्ण मंदिर के मंदिर के पुजारी ज्ञान देव के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां की अखंड ज्योति प्राप्त की, जो सड़क मार्ग से होते हुए रांची के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मां की ज्योत प्राप्त करने की खुशी में राधा कृष्ण मंदिर में प्रातः दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ और भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम मंदिर परिसर पर हुआ। मां ज्योत यात्रा पानीपत में रात्रि विश्राम करेंगे और 27 तारीख को पानीपत से कानपुर के लिए ज्योति यात्रा आरंभ होगी और रात्रि विश्राम कानपुर में होगा, फिर 28 तारीख को ज्योति यात्रा कानपुर से बनारस के लिए प्रस्थान करेगी, रात्रि विश्राम बनारस में होगा। 29 तारीख को ज्योत यात्रा बनारस से इटखोरी भद्रकाली मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी और रात्रि विश्राम भद्रकाली मंदिर इटखोरी में होगा। 30 तारीख को ज्योति यात्रा इटखोरी मंदिर रांची के लिए प्रस्थान करेगी और रांची पहुंचने पर फिरायालाल चौक से 30 तारीख को शाम 4 बजे मां की ज्योत यात्रा पुनः प्रारंभ होगी। ज्योति यात्रा फिरायालाल चौक, शहीद चौक-गांधी चौक, महावीर चौक, न्यू मार्केट होते हुए मेट्रो गली होते



हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचेगी। ज्योति यात्रा में धनबाद से आये विक्की छाबड़ा और पार्टी के द्वारा भजनों का मधुर कार्यक्रम भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक तक सुबह पांच ब्राह्मणों के द्वारा से दुर्गा सप्तमी का 108 मूल पाठ और ब्राह्मणों के द्वारा शाम में जाप किया जायेगा। 5 जुलाई को दिन शुक्रवार को माता की चौकी में दिल्ली से आये भजन सम्राट पंकज राज के द्वारा रात्रि 7 से 11 बजे तक भजनों का कार्यक्रम होगा। 6 जुलाई को प्रातः 6:00 श्री राधा कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाली जायेगी, जो कृष्णा नगर की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त होगी। शाम 7 बजे से माता की चौकी मुंबई से आये भजन सम्राट कुमार विश्वास के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा। 7 जुलाई को मां ज्वाला जी की स्थापना और मां की पूजा अर्चना सुबह 10:00 से प्रारंभ होगी। रात्रि 10:00 बजे मां भगवती का विशाल जागरण होशियारपुर पंजाब से आये संदीप सूद और गिरिडीह से आयी स्नेहल सोनी के द्वारा भी भजनों का कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र तलेजा, चंद्रभान तनेजा, मनोहर लाल जसूजा, नंदकिशोर अरोड़ा, केसर पपनेजा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा अरुण जसूजा किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा विकास घई नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश सिडाना विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा सुनील कटारिया, सुशील गेरा अनिल मुंजाल, उमंग मनुजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा, अनिल वाधवा, कौशल्या देवी, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा शकुंतला देवी मुंजाल ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा राधा देवी तलेजा, सिम्मी पपनेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर और मां भवानी सेवा मंडल की रूबी अरोड़ा निशा तलेजा सुनीता विजपूजा जसूजा, बरखा घई, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, कामना खत्री संगीता मीठा रश्मि कटपाल, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, रिया घई भावना किंगर,और इनके और इनके अलावा समाज के कई लोगों का योगदान कर रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को शिल्पी नेहा तिर्की ने अस्पताल में भर्ती कराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण से लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में श्रीमती तिर्की ने कहा कि बुधवार लापुंग प्रखंड से लौटने के क्रम में गोविंदपुर चौक के पास उनकी नजर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक अज्ञात व्यक्ति पर पड़ी। तब उन्होंने अपनी



गाड़ी को रुकवा कर लापुंग थाना के प्रभारी की मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अंतिम सूचना तक घायल व्यक्ति की पहचान स्पष्ट नहीं हो पायी है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India
विज्ञापन संख्या/ ADVERTISEMENT No.-16/CEO/2024-25
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "ओडिशा में संकर चावल बीज पृणाली की स्थापना और आनुवंशिक शुद्धता परीक्षण के लिए अत्याधुनिक तकनीक"" शीर्षक परियोजना (ईएपी-389) में तीन (03) मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन के लिए दिनांक 24.07.2024 को प्रत्यक्ष साक्षातकार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https//icar-nrri.in पर उपलब्ध है।
Walk-in-Interviewsare to be held on 24.07.2024 for selection of Three(03)Chief Executive Officers (CEO) at ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the "Establishment of Hybrid Rice Seed System and state of art for Genetic Purity Testing in Odisha" (EAP-389). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

## रात 12 बजे के बाद ना खुलें बार-रेस्टोरेंट, राज्य सरकार करे सुनिश्चित: कोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार और रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनायी गयी है, जो बार और रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार और रेस्टोरेंट के बंद होने और खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए। रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनमें से कई ऐसे भी बारे में रेस्टोरेंट है जिन्होंने बार का लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाये।

# रांची में होगा सांसद संस्कृति महोत्सव और राष्ट्रीय कथक महोत्सव का भव्य आयोजन

महोत्सव को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मिले भारत सरकार के संस्कृत मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से

अगस्त के अंतिम सप्ताह में रांची में भव्य संस्कृति और राष्ट्रीय कथक महोत्सव का होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संस्कृति महोत्सव और राष्ट्रीय कथक महोत्सव के आयोजन को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार दिल्ली में भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की और आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।



ज्ञात हो कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा पिछले वर्ष राजधानी रांची में 5, 6, 7, मई 2023 को संसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे झारखंड से लगभग 3500 कलाकारों ने इसमें भाग लिया था और इस महोत्सव में 450 सौ से अधिक प्रस्तुतियां हुई थीं। इस आयोजन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत सराहना की थी, इसी प्रेरणा से इस बार भी सांसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय कथक का आयोजन होगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अपनी प्रतिभा को दिखायेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की सोच झारखंड में कल के क्षेत्र में बहुत संभावनायें हैं, बस सिर्फ उसे तरसने की जरूरत है। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र हो ऐसी कई प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच नहीं मिल पाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसी प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच देना, जहां वह अपनी कला को दिखा सकें।

रक्षा राज्य मंत्री की सोच रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने बताया, आज हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस तरह के आयोजन किये जाने की आवश्यकता है, ताकि हमारे बच्चे कथक नित्य जो प्राचीन समय की धरोहर है, उनको जाने और उन्हें समझें। हमारे बच्चे आज पश्चिमी सभ्यता की ओर भाग रहे हैं, इसलिए हमें बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में बताना होगा। इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम अगस्त के अंतिम सप्ताह में संसद सांस्कृतिक महोत्सव (प्रातः 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) के अंतर्गत तीन दिवसीय कथक महोत्सव शाम 7:00 बजे से 9:00 तक का आयोजन झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित किया गया है।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)
e-Procurement Notice No. 04 / 2024-25
Letter No.- CE/3639/609 Date: 26.06.2024
JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT04/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 1) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar. | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT04/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 2) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar. | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT04/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 3) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar. | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 28.06.2024 at 11:00 AM to 10.07.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 10.07.2024. Bids received online will be opened at 5:00 PM on 11.07.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Bids of contractors registered / working with JPHCL, who have delayed start / execution / completions of any construction work for reasons of delay attributable to them, will be rejected at the time of evaluation of technical bid.
5. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

# ओम बिरला के नाम बने तीन अनोखे रिकॉर्ड, देश में ऐसा करने वाले पहले नेता

राजस्थान के लिए यह गर्व करने वाली बात है कि देश की दोनों शीर्ष संवैधानिक संस्थाओं राज्यसभा और लोकसभा के मुखिया की कुर्सी पर राजस्थान के जनप्रतिनिधि विराजमान है। बतौर, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यसभा के प्रमुख यानी पदेन सभापति हैं। लोकसभा का अध्यक्ष पद एक बार फिर ओम बिरला संभाल रहे हैं। ओम बिरला राजस्थान के कोटा जिले के रहने वाले हैं और वे कोटा लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार सांसद निर्वाचित होकर लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने हैं। जगदीप धनखड़ भी राजस्थान के झुंझुनूं जिले के रहने वाले हैं। 1989 में झुंझुनूं लोकसभा सीट से सांसद बनकर राजनीति में आने वाले धनखड़ केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल का सफर करते हुए उप राष्ट्रपति पद तक पहुंचे। लोकसभा के नये स्पीकर ओम बिरला के नाम 3 नये रिकॉर्ड बन गये हैं।

**भाजपा के पहले नेता जो दो बार स्पीकर बने**

ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनते ही उनके नाम तीन नये रिकॉर्ड बन गये। वे भारतीय जनता पार्टी के पहले ऐसे नेता बन गये हैं जो लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले बलराम जाखड़ भी लगातार दो बार स्पीकर चुने गये थे लेकिन वे कांग्रेस से थे। यह कीर्तिमान बनाने वाले बिरला पहले भाजपाई हैं।

**ओम बिरला पिछले 35 साल से राजनीति में सक्रिय हैं। 15 साल तक संगठन में काम करने के बाद वर्ष 2003 में वे पहली बार कोटा दक्षिण से विधायक निर्वाचित हुए। बाद में 2008 और 2013 में लगातार दो बार फिर से कोटा दक्षिण से विधायक बने। वर्ष 2014, 2019 और 2014 में वे कोटा से सांसद निर्वाचित हुए हैं।**

**लोकसभा अध्यक्ष रहते लगातार जीते**

ओम बिरला देश के दूसरे ऐसे नेता बन गये हैं जो लोकसभा अध्यक्ष पद पर रहते हुए लगातार चुनाव जीते हैं। वर्ष 1999 के बाद कोई भी लोकसभा अध्यक्ष दोबारा चुनाव जीतकर लोकसभा सदन में नहीं पहुंचा था। ओम बिरला से पहले पीए संगमा पहले ऐसे स्पीकर थे, जिन्होंने लगातार चुनाव जीता था। बिरला पहली बार 2014 में लोकसभा सांसद बने थे। दूसरी बार 2019 के लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए तो उन्हें स्पीकर बनने का मौका मिला। स्पीकर रहते हुए 2024 के आम चुनाव में भी ओम बिरला कोटा लोकसभा सीट से निर्वाचित होकर लगातार तीसरी बार संसद पहुंचे।

**नये और पुराने दोनों भवनों के स्पीकर का रिकॉर्ड**

ओम बिरला के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड बना है जो शायद कभी नहीं टूट पायेगा। वे पहले ऐसे लोकसभा अध्यक्ष हैं जिनके पास संसद के नये और पुराने दोनों भवनों में संचालन का अनुभव है। नये संसद भवन का उद्घाटन वर्ष 2023 में हुआ था। दोनों भवनों के संचालन के बाद एक बार फिर से उन्हें स्पीकर बनने का मौका मिला। ऐसा रिकॉर्ड अब तक किसी अन्य नेता के नाम नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सरकार ने प्रेस की आजादी का गला घोंटकर आपातकाल से संबंधित सभी प्रकार की खबरों पर प्रतिबंध लगा दिया। जिन अखबारों तथा पत्रिकाओं ने आपातकाल की घोषणा का समाचार छापा उन पर तुरंत ताले जड़ दिये गये। राष्ट्रवादी अथवा प्रखर देशभक्त पत्रकारों को घरों से उठाकर जेलों में बंद कर दिया गया। जनता की आवाज पूर्णतया खामोश कर दी गयी। जनसंघर्ष/सत्याग्रह की सूचनाओं और समाचारों को जनता तक पहुंचाने के लिए संघ के कार्यकर्ताओं ने लोकवाणी, जनवाणी, जनसंघर्ष इत्यादि नामों से भूमिगत पत्र-पत्रिकाएं प्रारंभ कर दी।**

# वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल से लेना होगा सबक

**सुखदेव वशिष्ठ**



भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को उस समय एक काला अध्याय जुड़ गया, जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने मात्र अपना राजनीतिक अस्तित्व और सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल थोप दिया। आपातकाल के फैसले को लेकर इंदिरा गांधी द्वारा कई दलीलें दी गयीं, देश को गंभीर खतरा बताया गया, लेकिन पर्दे के पीछे की कहानी कुछ और ही थी।

माना जाता है कि आपातकाल की नींव 12 जून 1975 को ही रख दी गयी थी। 1971 में इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद चुनी गयीं। इंदिरा गांधी के खिलाफ संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी राजनारायण ने इलाहाबाद हाइकोर्ट में एक याचिका इंदिरा गांधी पर आरोप लगाते हुए दाखिल की। उनके अरोपों में इंदिरा गांधी द्वारा चुनाव में भारत सरकार के अधिकारी और अपने निजी सचिव यशपाल कपूर को अपना इलेक्शन एजेंट बनाना, चुनाव प्रचार के लिए वायुसेना के विमानों का दुरुपयोग और इलाहाबाद के डीएम और एसपी की मदद चुनाव जीतने के लिए लेना और चुनाव में निर्धारित सीमा से ज्यादा खर्च किया जाना शामिल था। 12 जून 1975 को राजनारायण की इस याचिका पर इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने अपने फैसले में इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाया। हालांकि, अन्य आरोप खारिज कर दिये गये। जस्टिस सिन्हा ने इंदिरा गांधी के निर्वाचन को रद्द कर दिया और 6 साल तक उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी।

**देश भर की जेलों में कांग्रेस को छोड़ कर शेष सभी विपक्षी दलों के लोग थे, सबसे ज्यादा संख्या में संघ के स्वयंसेवक थे**



**भाकपा ने आपातकाल को एक अवसर के रूप में देखा और इसका स्वागत किया। भाकपा के नेताओं का मानना था कि वे आपातकाल को कम्युनिस्ट क्रांति में बदल सकते हैं। भाकपा ने 11वीं बठिंडा कांग्रेस के दौरान इंदिरा गांधी के आपातकाल का समर्थन किया था। (गठबंधन रणनीतियां और भारतीय साम्यवाद रणनीति, पृष्ठ 224)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नयी पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गयी थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था।**

हाइकोर्ट के फैसले के बाद इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ता। इसलिए इससे बचने के लिए प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 1 सफदरजंग रोड पर आपात बैठक बुलायी गयी। कहा जाता है कि इस दौरान, कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष डीके बरुआ के अंतिम फैसला आने तक इंदिरा को अध्यक्ष बनने और तब तक प्रधानमंत्री की कुर्सी उनके द्वारा संभालने का सुझाव संजय गांधी को पसंद नहीं आया और संजय की सलाह पर इंदिरा गांधी ने हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ 23 जून को सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट के अवकाश पीठ जज जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर ने अगले दिन 24 जून 1975 को याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वो इस फैसले पर पूरी तरह से रोक नहीं लगायेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें प्रधानमंत्री बने रहने की अनुमति दे दी, मगर साथ ही कहा कि वो अंतिम फैसला आने तक सांसद के रूप में मतदान नहीं कर सकती। विपक्ष के नेता सुप्रीम कोर्ट का पूरा फैसला आने तक नैतिक तौर पर इंदिरा गांधी के इस्तीफे पर अड़ गये।

एक तरफ इंदिरा गांधी कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ रहीं थीं, दूसरी तरफ विपक्ष उन्हें घेरने में जुटा हुआ था। गुजरात और बिहार में छात्रों के आंदोलन के बाद विपक्ष कांग्रेस के खिलाफ एकजुट हो गया। इस के साथ जयप्रकाश नारायण की अगुआई में विपक्ष लगातार कांग्रेस सरकार पर हमला कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अगले दिन, 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में जेपी ने एक रैली का आयोजन किया। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, आचार्य, जेबी कृपलानी, मोरारजी देसाई और चंद्रशेखर जैसे तमाम दिग्गज नेता एक साथ एक मंच पर मौजूद थे। जयप्रकाश नारायण ने अपने भाषण की शुरूआत रामधारी सिंह दिनकर की मशहूर कविता की एक पंक्ति से की- सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। जयप्रकाश नारायण ने रैली को संबोधित करते हुए लोगों से इंदिरा गांधी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। इससे इंदिरा गांधी की हालत विपक्ष के तेवर को देखकर और खराब हो गयी।

विपक्ष के बढ़ते दबाव के बीच इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से इमरजेंसी के घोषणा पत्र पर दस्तखत करा लिए। इसके तुरंत बाद जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई समेत सभी विपक्षी नेता गिरफ्तार कर लिये गये। 26 जून 1975 को हुई कैबिनेट की बैठक के बाद इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो पर अपने संबोधन में आपातकाल के पीछे आंतरिक अशांति को वजह बताया। इंदिरा गांधी ने जनता से कहा कि सरकार ने उसके हित में कुछ प्रगतिशील योजनाओं की शुरूआत की थी। लेकिन इसके खिलाफ गहरी साजिश रची गयी इसीलिए उन्हें आपातकाल जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा। उस समय के एक अखबार ने इस घटना पर एक कार्टून प्रकाशित किया था, जिसकी बहुत चर्चा हुई थी। कार्टून में फखरुद्दीन अली अहमद को नहाते हुए अध्यादेश पर दस्तखत करते दिखाया गया था।

सरकारी आदेशों के प्रति वफादारी दिखाने की होड़ में पुलिस वालों ने बेकसूर लोगों पर बेबुनियाद झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार करके जेलों में ठूंसना शुरू कर दिया। लाठीचार्ज, आंसू गैस, पुलिस हिरासत में अमानवीय अत्याचार, इत्यादि पुलिसिया कहर ने अपनी सारी हदें पार कर दी। स्वयं इंदिरा गांधी द्वारा दिये जा रहे सीधे आदेशों से बने हिंसक तानाशाही के माहौल को सत्ता प्रायोजित आतंकवाद कहने में कोई भी अतिश्योक्ति नहीं होगी।

इस तरह के निरंकुश सरकारी अत्याचारों की सारे देश में झड़ी लग गयी। पुलिसिया कहर ने आम नागरिकों के सभी प्रकार के मौलिक अधिकारों को कुचल डाला। सत्ता द्वारा ढहाये जाने वाले इन जुल्मों के खिलाफ देश की राष्ट्रवादी संस्थाओं, नेताओं और देशभक्त लोगों ने सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र को बचाने का निश्चय किया। संघ के भूमिगत कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसी सामाजिक शक्तियों को एकत्रित करने से प्रतिकार, संघर्ष, बलिदान की भावना से ओतप्रोत बाल, युवा वृद्ध सत्याग्रहियों के काफिलों ने जोर पकड़ लिया।

ये सत्याग्रह रेलवे स्टेशनों, भीड़ वाले चौराहों, सिनेमाघरों, सरकारी, गैर सरकारी सार्वजनिक सम्मेलनों, बसों के

## जमशेदपुर की खबरें

# आदित्यपुर पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरुकता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसांवा जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में नशा के विरुद्ध पुलिस ने विशेष जागरुकता अभियान चलाया। विभिन्न चौक-चौराहों, बाजार और मुस्लिम बस्ती में पैदल मार्च निकालकर आम लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया। वही शिक्षण संस्थानों में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को इससे होने वाले दुष्परिणाम के विशेष जानकारी दी गई। नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में जेएमएम नेता परमेश्वर प्रधान, टीएमसी नेता बाबू तांती और स्थानीय नगर वासी ने पर चढ़कर साथ दिया। आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया मादक पदार्थ का सेवन से इंसान के साथ उनके पूरे परिवार को भी नुकसान पहुंचती। इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए हर तरह का प्रयास करते रहना चाहिए। कोई व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ एवं ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ की बिक्री करता है। इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दे। सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और नशे का कारोबार करने वाले कारोबारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।




# मंगल कालिंदी ने विद्यार्थियों के बीच बांटी साइकिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया योजना के तहत बुधवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय परिसर में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को समारोह में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने झारखण्ड सरकार के उन्नति का पहिया योजना के तहत विभिन्न स्कूलों के कक्षा 8 में पड़ने वाले छह सौ विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण अपने हाथों से किया। मौके पर विधायक ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में पंचायत स्तरीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल कीट का भी वितरण किया। ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड की बहू बेटियों के सम्मान के लिए बहु - बेटी स्वावलंबी योजना लागू की है। इस योजना के तहत 25 से 50 वर्ष के उम्र तक सभी महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह एक एक हजार रुपये देगी। श्री कलिंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 200 यूनिट तक मुफ्त में बिजली उपलब्ध कराने की घोषणा की है। जिससे लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य में चम्पई सरकार छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 15 लाख रुपये लोन भी दे रही है। पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सिंचाई सुविधा के लिए पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का योजना तैयार किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत किया गया। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए भी कई तरह के योजना लागू की है। इस अवसर पर बीडीओ नाजिया अफरोज, जिला पार्षद गीतांजलि महतो, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, माणिक महतो, सुभाष कर्मकार, विनय मंडल, काजल सिंह समेत से सैकड़ो ग्रामीण उपस्तित रहे।



# पूर्व पार्षद ने प्रशासक को समस्याओं से करवाया अवगत

**आदित्यपुर(आजाद सिपाही)। नगर निगम क्षेत्र में जल संकट का प्रकोप लगातार जारी है।भीषण गर्मी में नगर निगम क्षेत्र की जनता पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। उधर नगर निगम क्षेत्र की हालत इतनी बत्तर हो चुकी है ससमय बरसात नहीं होने के कारण पानी का जलस्तर भी गिरने लगा है। क्षेत्र में आसपास की बोरिंग भी सूखने लगी है। अब पानी की समस्याओं से निदान दिलाने के लिए नगर निगम प्रशासक पानी की टैंकर उपलब्ध करा रही है। लेकिन उन टैंकरों से ससमय पर जलापूर्ति नहीं होने पर स्थानीय लोगों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बुधवार को वार्ड 22 के पूर्व पार्षद सुधीर सिंह ने नगर प्रशासक को एक ज्ञापन सौपा। उन्होंने कहा लगभग 80 से 90 प्रतिशत जनता एस टाइप,आई टाइप, एम टाइप सप्लाई पानी पर ही आश्रित है। सप्लाई पानी समय पर नहीं खुलने से स्थानीय निवासी को कई सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।समय पर पानी नहीं मिलने से कॉलोनी वासियों का सब्र टूटता जा रहा है। पूर्व पार्षद ने कहा स्थानीय लोगों से सूचना मिल रही जिंदल कंपनी के द्वारा सप्लाई पानी की आपूर्ति लगातार कुछ विशेष बस्ती वासी एवं कॉलोनी वासी को तरजीह दे रही है। पानी पर सबका समान अधिकार है।ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रशासक को महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है। पूर्व पार्षद ने जल्द से जल्द समस्या का निदान दिलवाने के लिए प्रशासक से आग्रह किया। फिलहाल प्रशासक के संज्ञान में आते ही समय पर सप्लाई पानी आने के लिए आश्वासन दिया।**

# नशे को ना, जिंदगी को करो हां



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर बुधवार को न्यू बाराद्वारी स्थित उत्क्रमित पिपुल्स अकादमी विद्यालय परिसर में आइएचएमओ के जिलाध्यक्ष एसआरके कमलेश के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को स्कूल के प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय ने नशे के दुष्परिणाम बताये। साथ ही नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि कुछ असामाजिक लोग युवा पीढ़ी को बर्बाद करने पर तुले हैं। नशा करने के लिए भिन्न भिन्न तरह के ड्रग्स के माध्यम से युवा पीढ़ी को बर्बाद किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉ समीर कुमार, मेरी ऐन प्रिया, कुमारी अनिता लायक, सोमा चंद्रा, संदीप पात्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

## मनगों में नशे से दूर रहने का अभियान चलाया

# समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा नशीला पदार्थ : विकास सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगों डिमना चौक में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर लोगों ने नशीले पदार्थ की प्रति जलाकर नशे से दूर रहने का अभियान चलाया। मौके पर भाजपा नेता विकास सिंह ने नशीले पदार्थ सेवन करने से हो रहे समाज व देश के नुकसान के बारे में लोगों को बताया। इस अवसर पर डिमना चौक में एकत्रित सैकड़ो लोगों ने एक स्वर से नशा करने वाले,नशा का सामान बेचने वाले सहित नशीले पदार्थ का विरोध किया। उपस्थित लोगों ने नशा खुरानी के शिकार लोगों को नशा छुड़वाकर मुख्य रास्ते में लाने के साथ नशा की सामग्री बेचने वाले का खुलकर विरोध करने का संकल्प लिया। विकास सिंह ने कहा जिला प्रशासन नशा की सामग्री बेचने वाले गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे तो नशा खुरानी गैंग का सफाया होना तय है। विकास सिंह ने कहा जल्द नशा से होने वाले नुकसान का पंपलेट बनाकर क्षेत्र में बांटने का कार्य किया जायेगा। साथ ही जिस थाना क्षेत्र में सबसे अधिक नशा का सामान बिक्री होने की जानकारी मिलेगी उस क्षेत्र के थानेदार को गांधीवादी तरीके से फूल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर लक्ष्मण सिंह,अरूप भट्टाचार्य, रामजन्म गुप्ता,सुबोध प्रसाद,अजय महतो, अरूण यादव,अमित पाठक, ओंकार साहू, ब्रजेश साव, जितेंद्र यादव, रवि सिंह, पंकज गुप्ता, सुजीत पांडेय, शिव साव, विनोद सिंह, राहुल सिंह, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# दवा फेंके जाने के मामले में सीएम से कार्रवाई की मांग



सीएम को आवेदन सौंपते युवा समाजसेवी।

**सीएम ने रिपोर्ट तलब कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** काफी बड़े पैमाने पर डेटवाली सरकारी दवायें फेंक दिये जाने के मामले में 103 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किये जाने को लेकर सीएम से फरियाद की गयी। सीएम ने तुरंत रिपोर्ट तलब कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कांडी प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी के निकट एक गड्ढे में करीब पांच लाख रुपये की कामयाब सरकारी दवायें फेंकी हुई पायी गयी थी। यह 16 मार्च 2024 की घटना है। इस गंभीर मामले की जानकारी दिये जाने पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया था। बावजूद इसके कांडी थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर के बाद से मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने कांडी अस्पताल के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया है। स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑगेर्नाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर इस अक्षम्य आपराधिक वारदात की विस्तार से जानकारी देते हुए आवेदन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। सीएम ने तत्काल अपने निजी सचिव को संबंधित घटना की रिपोर्ट मंगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी। युवा समाजसेवी ने दो दिन पहले गढ़वा जिला में ही मझिआंव प्रखंड के पुरहे के सुगवा नाला के निकट बड़े पैमाने पर दवायें फेंके जाने की भी जानकारी दी। लोकल जांच में उसे प्राइवेट दवाएं बताया जा रहा है। कहा गया कि सरकारी अस्पताल में जेनरिक दवायें नहीं आतीं। जबकि सदर अस्पताल के दवा वितरण केंद्र से केवल जेनरिक दवायें दी जाती हैं। जबकि सदर अस्पताल के ही पीएम जन औषधि केंद्र में भी आधी जेनरिक दवायें ही रहती हैं।

# 24 लाख रुपये की ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी रैकेट से जुड़े तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 120 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 24 लाख बतायी जा रही है। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के सासाराम जिले से कुछ अपराधी एक मारुति स्विफ्ट कर से गढ़वा आ रहे हैं। सूचना के आलोक में पुलिस कप्तान की ओर से गढ़वा के डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया।

उक्त टीम के द्वारा छापामारी किया गया तो मारुति स्विफ्ट कार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 120 ग्राम ब्राउन शुगर तथा छह मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में एक पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव का रहने वाला है। जबकि दूसरा गढ़वा थाना क्षेत्र के गढ़वा शहर के स्टेशन रोड गढ़वा निवासी शत्रुघन कुमार चौहान और पिंटू तथा तीसरा स्टेशन रोड गढ़वा का ही पिंटू कुमार चौहान शामिल है। पुलिस अधीक्षक श्री पांडे ने बताया कि तीनों का अपराधिक इतिहास रहा है। तीनो जेल भी जा चुके हैं। एसपी ने बताया कि शत्रुघ्न कुमार चौहान उर्फ पिंटू पर गढ़वा थाना में तथा पिंटू कुमार चौहान पर बरवाडीह तथा गढ़वा थाना में ब्राउन शुगर के मामले में पहले से भी मुकदमा दर्ज है।

**छापेमारी दल** में एसडीपीओ नीरज कुमार, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि सुभाष कुमार पासवान, शशि कुमार शर्मा, सअनि अभिमन्यु सिंह, जवान अभय कुमार सिंह शामिल थे।

## निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रामकंडा (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को रमकंडा प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में गढवा पुलिस के सहयोग से रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटीया के नेतृत्व में भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नशापान के स्रोत और कारण, नशापान से होने वाले व्यक्तिगत, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव, नशामुक्ति के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा सकते है, और नशामुक्ति अभियान में युवाओं की क्या भूमिका और भागीदारी हो सकती है आदि विषयों पर बच्चों के द्वारा भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। वहीं कार्यक्रम के दौरान तंबाकू, सिगरेट, शराब आदि के सेवन से होने वाले बीमारियों पर भी प्रकाश डाला गया तथा इसका सेवन नहीं करने का संकल्प लिया गया।**

# मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी में साइकिल वितरण में लगा लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कल्याण विभाग से मिलने वाली आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को साईकिल वितरण में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। बुधवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी के 53 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिसमें कई साइकिल में घंटी, लाईट, केरीएयर नहीं लगा था, साथ ही किसी भी साइकिल के टायर में हवा नहीं होने के कारण छात्र साइकिल को पैदल एक किलोमीटर दूर जा कर दुकान में पैसा खर्च कर टाइट फिटिंग कराना पड़ रहा है। इसी बीच साइकिल वितरण के पहले दिन ही छात्र से 50 - 50 रुपये की वसूली की भी शिकायत मिली। जहां गांव के हीउमत रसूल अंसारी के द्वारा पैसा वसूला जा रहा था। पैसा वसूले जाने की सूचना मिलने पर सिंघीताली निवासी छोटन चौबे ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया, इसके बाद कुछ छात्र को पैसा वापस कराया गया। हालांकि विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार से पूछे जाने पर पैसा वसूली की शिकायत के बारे में अनभिज्ञता जाहिर किया गया।

बताते चले कि पूरे झारखंड में पंजाब की कंपनी हीरो ईको टैक्स को साइकिल देने का ठेका दिया गया है, जिसके द्वारा जल्दबाजी में साइकिल कसने के चक्र में कर्मी लापरवाही बरत रहे है। भवनाथपुर प्रखंड में 1200 छात्र के बीच साइकिल वितरण होने है, जिसमें मात्र अभी 800 साइकिल का ही कसायी किया गया है। कल्याण विभाग के प्रखंड प्रभारी राजगीर राम ने बताया कि साइकिल वितरण में पूर्ण रूप से पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है, कोई त्रुटि नहीं हो रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका का चयन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 राजकीय मध्य विद्यालय चेचरिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका का चयन मंगलवार को चयन समिति द्वारा आम सभा कर किया गया। योग्यता के आधार पर चयन समिति द्वारा गुलफसा खातून का चयन किया गया। सेविका पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया था, जिसमें गीता देवी, गुलफसा खातून, शालू कुमारी, ममता देवी तथा नाजो बानो शामिल थी। चयन प्रक्रिया में वरीयता क्रम के अनुसार गुलफसा खातून को स्नातक और डीएलएड कुल 25 अंक प्राप्त हुये, सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर गुलफसा खातून का चयन सेविका पद पर किया गया। चयन समिति में सीडीपीओ राजकिशोरी खलखो, पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार सेठ, मनोज कुमार, प्रदीप जायसवाल, अबुताज शहंशाह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।**

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक जंगीपुर ग्राम में रामनाथ उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जल, जंगल, जमीन की हिफाजत के लिए तथा रोजगार की समस्या को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से10 जुलाई को रमना तथा 12 जुलाई को नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 20 जुलाई से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के गांवों का भ्रमण कर ग्राम सभा करने का निर्णय लिया गया। किसान सभा का राज्य सम्मेलन आगामी 29-30 जून को पतरातू में आयोजित है, उक्त सम्मेलन में गढ़वा जिला से 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी विधानसभा चुनाव में 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाकपा राज्य परिषद के सदस्य गणेश सिंह, जिला सचिव राजकुमार राम, कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, राजकुमार भुइयां, यूनुस खां, देवीदयाल मेहता, जगमोहन उरांव, गोपाल यादव, विद्या पासवान, श्रीराम सहित अन्य उपस्थित थे।**

# टंडवा ने आरसीसी रमना को 30 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना टी -10 लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-टू फाइनल मुकाबले में टंडवा ने आरसीसी रमना को 30 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व टंडवा के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमे निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर शानदार 104 रन बनाया। जिसका जवाबी पारी खेलते हुए आरसीसी के टीम में निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर मात्र 74 रन ही बना सकी। इस मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शुभम को मिला, जिन्होंने टंडवा के टीम की और से ताबड़तोड 22 गेंदों पर शानदार 55 रन बनाया था। जबकि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ललन गुप्ता को और मीडिया कवरेज को लेकर दिनेश गुप्ता को जीप अध्यक्ष शांति देवी के हाथों पुरस्कार दिया गया। इसके पूर्व फाइनल मुकाबले में मुख्य रूप से अथिति के रूप में मौजूद जीप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभा को निखारने का अच्छा प्लेट फार्म खिलाड़ियों को मिलता है। जिसे खेल सद्भावना से निखारने की जरूरत है। कहा की राज्य सरकारें भी कई तरह खेल के योजनायें चला रही है। वहीं झामुमो वरिष्ट नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिससे सभी वर्ग, धर्म, समुदाय के लोंगो को जोड़े रखता है। थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि खेल को खेल भावना से जोड़ कर खेलने की जरूरत है जीत हार होते जाते रहती है। जिससे किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह उर्फ पेड़ा, सचिव अमित कुमार गुप्ता उर्फ ललन, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार पटेल, उप सचिव प्रियदर्शी पासवान, उपाध्यक्ष संदीप कुमारआदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से टंडवा मुखिया संतोष सिंह, प्रियांशु ठाकुर, प्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीसी और एसपी के नेतृत्व में 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' थीम के तहत हुआ कार्यक्रम

# जिला स्तर पर मैराथन दौड़ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आज प्रातः 05:30 बजे समाहरणालय गढ़वा परिसर से रंका मोड़ तक उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' थीम के तहत जिला स्तर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, सिविल सर्जन गढ़वा डॉ अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशिल कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी, जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान, खरछढर की दीदियां समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

रंका मोड़ पर आमजनों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने इस मैराथन दौड़ के उद्देश्यों को बताया। उन्होंने कहा कि हम परिकल्पना भी नही कर सकते कि ड्रग्स कितना सेहत के लिए हानिकारक है। माउथ कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारियों की चपेट में हम इससे आ सकते है। इसलिए हमे ड्रग्स से दूरी बनाए रखने की जरूरत है। पिछले कई दिनों से प्रखंड और जिला स्तर पर कार्यक्रम चलाया गया है। नुक्कड़ नाटक और अन्य माध्यमों से आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील किया कि ड्रग्स से दूर रहे, मादक पदार्थों से दूर रहे, जिससे आप स्वास्थ्य रहे। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारी को विद्यालय के समीप मादक पदार्थों की बिक्री न हो यह भी सुनिश्चित कराने को लेकर निर्देशित किया।

वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवान के द्वारा भी हम पिछले 1 सप्ताह से जागरूकता कार्यक्रम चला रहे है। खासकर हमारी युवा पीढ़ी ड्रग्स जैसी हानिकारक मादक पदार्थों के आदि होते जा रहे है। विभिन्न प्रकार का ड्रग्स का सेवन कर अपने परिवार और अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे है। जिला पुलिस द्वारा अपील की जाती है कि अपने बच्चों और बुजुर्गों को नशा से दूर रखें। जिससे हमारा झारखंड ड्रग फ्री हो और राज्य के सर्वांगीण विकास उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जा सके।

इस दौरान उपायुक्त ने झारखंड सरकार द्वारा ड्रग फ्री झारखंड को लेकर आमजनों से किए गए अपील को पढ़ सभी को संकल्प भी दिलाया। नशा मुक्त पीढ़ी ही मजबूत राज्य का निर्माण कर सकती है। राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड के निर्माण के लिए संकल्पित है, जिसमें आप समस्त प्रदेशवासियों का सहयोग अपेक्षित है। आइए हम सभी नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

## वीडी राम की जीत पर ईश्वर सागर ने आभार यात्रा निकाली



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आभार यात्रा के तहत भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आज तीसरे दिन बुधवार को कांडी प्रखंड के सरकोनी व पतीला पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उक्त दोनों पंचायत के सभी बूथों पर गये और वहां के ग्रामीण से मिलकर कई मुद्दों पर चर्चा किया। तथा बीते लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने व बीडी राम को तीसरी बार पलामू सांसद बनाने पर लोगो को बधाई दी। ग्रामीणों ने श्री चंद्रवंशी को क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत कराते हुए निदान कराने की मांग की। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सभी समस्याओं को दूर कराने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा सभी बूथ कमिटी के सदस्यों के साथ एक समीक्षा बैठक भी किया गया। मैके पर वीरनाथ दुबे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, शशि रंजन दुबे, मनिकांत सिंह, मझियाव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, लखन चंद्रवंशी, भाजपा नेता ललीत बैठा, महिला मंडल अध्यक्ष अंजू देवी, सहेंदर साव, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कई गांवों का दौरा किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा है कि बेहतर और समृद्ध गढ़वा के लिए परिर्वतन रैली के साथ जन कल्याण हेतू वे पूरी तरह समर्पित हैं। अभियान में लोगों से मिल रहे अपार जनसमर्थन आगामी चुनाव में पूरी ताकत के साथ सत्ता परिर्वतन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हम सभी आने वाले विधानसभा चुनाव में रोजगार, सिंचाई सहित बढ़ती हुई महंगाई से लोग परेशान हैं। यात्रा के दौरान गिरिनाथ सिंह ने प्रखंड चिनियां के कठौतिया, चिरका, कोल्हुवा हरिजन टोला, कोरवा टोला, बिलैती खैर के मिशन टोला का दौरा किया गया। मौके पर मुख्यरूप से रामलखन यादव, कैलाश यादव, उमेश सिंह, अताउर मुखिया, सुनील माली, सुलपानी सिंह, शिवनाथ चौधरी, राजेश राम, श्यामलाल, रामजीव सिंह विकेंद्र कोरवा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे

## रंका में न्याय यात्रा शिविर का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड सभागार में शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा न्याय यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार के पी एल बी वक्ता अधिवक्ता कृष्णा नंद दुबे, मुरली श्याम तिवारी, संगिता सिन्हा, गरिबुल्लाह अंसारी और बलवीर चौधरी के द्वारा कानूनी हक, अधिकार और कर्तव्य से संबंधित शिकायत करने, सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने, पेंशन, बाल विवाह, बाल मजदूरी, दहेज प्रथा आदि के खिलाफ आवाज उठाते हुए शिकायत करने और मानवीय मूल्यों की रक्षा करने के लिए संघर्ष करने पर बल दिया गया और न्यायालय के द्वारा सुनवायी कर निपटारा करने की प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर रंका प्रखण्ड जेएसएलपीएस कर्मी बीआरपी सत्येंद्र कुमार, सीसी योगेन्द्र, राजेश, धनंजय, अनुपम दुबे सहित काफी संख्या में सखि मंडल की महिलाएं उपस्थित थे।

## जनता के सहयोग की अपेक्षा : चंद्रशेखर



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखण्ड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार और वार्ड सदस्य सह युवा भाजपा नेता आशुतोष कुमार तिवारी ने रंका के नये थाना प्रभारी प्रवीण कुमार को फूलों की गुलदस्ता देकर सम्मान पूर्वक स्वागत किया और कंचनपुर पंचायत सहित पुरे रंका थाना क्षेत्र की जनता के साथ सहयोग की भावना से कार्य करने की अपेक्षा की। जिसमें थाना प्रभारी ने अपने कर्तव्य पथ पर खर्रा उतरने का आश्वासन दिया। इस मौके पर साथ में भाजपा के युवा नेता बिपिन तिवारी, विरेंद्र चंद्रवंशी, राजेश प्रजापति, सतीश कुमार ओझा, रविंद्र पासवान मौजूद थे।

## नशा मुक्ति को लेकर चला जागरूकता अभियान



खरौंधी (आजाद सिपाही)। खरौंधी पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाय। थाना क्षेत्र के राजी, चिरैयाटांड़, सुंडी, पिपरा, मझीगावा, सिसरी, अरंगी, कुपा सहित विभिन्न गांव में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

ज्ञापांक ................................/नं0प0, दिनांक............/........./2024

अति अल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024–25

नगर पंचायत, डोमचाँच के खराब चापाकल की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। चापाकल सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्त्ता नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक–04.07.2024 को 02:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय में खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। क्रय हेतु India Mark-II का सामग्री निम्नवत् है:–

| Sl.No | Item | Sl.No | Item |
|---|---|---|---|
| 1 | Hexagonal Bolt(M12X1.75X40 mm long) | 17 | Stand Assembly (GI) |
| 2 | Hexagonal Nut(M12X1.75 mm ) | 18 | Nitrile rubber sealing "O" Ring M-II |
| 3 | Hingh Tensile Bolt (M10X1.5x40 mm long) | 19 | Nitrile rubber cone washer (crume washer) |
| 4 | Nyloc Nut (M10X1.5 mm) | 20 | Nitrile rubber sealing ring (big) |
| 5 | Handle Axle (S.S) | 21 | Nitrile rubber sealing ring (small) |
| 6 | Washer for Handle Axle (4 mm thick) | 22 | 32 mm dia seamless pipe socket |
| 7 | Ball Bearing (6204Z) | 23 | Check valve rubber seat |
| 8 | Chain With Coupling | 24 | CI Cylinder body withbrass liner and reducer cap |
| 9 | Hexagonal Bolt For Front Cover (M12X1.75X20) | 25 | CI Cylinder assembly set |
| 10 | Washer (M12)(2.5MM Thick) | 26 | Check valve guided set |
| 11 | Front Cover (GI) | 27 | Plunger set |
| 12 | Hexagonal Rod Coupling (M12X1.75X50MM Long) | 28 | Third plate for head assembly |
| 13 | Connecting Rod 3 Mtr Long with coupling & nut (Electro GI) | 29 | Brass liner M-II (Cylinser glass) |
| 14 | Plunger Rod (SS-M-II) | 30 | Water tank essembly |
| 15 | Pump head Assembly Complete set (front Cover, Bolt 3 Plate) | 31 | 32 mm dia GI pipe (Medium) with seamless socket as per releavent BIS Specification is 1239/part-1/2004 (3 mtr long pipe equal one piece of pipe) |
| 16 | Handle Assembly (GI) | | |

नोटः–निविदा की शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह– प्रशासक, नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.327706 Urban Development(24-25):D

# तमाड़ पूर्वी और बीरबाकी को अलग प्रखंड बनाने का मुद्दा फिर चरम पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** झारखंड में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में तमाड़ प्रखंड के तमाड़ पूर्वी और अड़की प्रखंड के बीरबाकी को अलग प्रखंड बनाने का मुद्दा फिर एक बार जोड़ पकड़ता जा रहा है। यहां के भोले-भाले आदिवासी ठगे महसूस कर रहे हैं और वोट बहिष्कार करने की बातें कह रहे हैं। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में बुंडू, तमाड़ और अड़की प्रखंड क्षेत्र आते हैं। तमाड़ पूर्वी और बीरबाकी को अलग प्रखंड बनाने का मामला वर्षों से लंबित है, जो धीरे-धीरे तुल पकड़ने लगा है। तमाड़ में 23 पंचायत हैं, जिसमें से 9 पंचायत को अलग कर तमाड़ पूर्वी अलग प्रखंड का मामला प्रस्तावित है और अड़की प्रखंड के बीरबाकी को अलग प्रखंड बनाने का भी मामला प्रस्तावित है। इसकी घोषणा भी अर्जुन मुंडा सरकार में कर दी गयी थी, लेकिन अल्पमत में होने से सरकार की घोषणा कागजों में सिमट कर रह गयी। बुंडू नगर पंचायत होने के कारण बुंडू के 13 वार्डों में विकास की किरण दिखायी पड़ती है, लेकिन बुंडू के 11 पंचायतों में अब भी विकास की किरण नगण्य है। तमाड़ के 23 पंचायतों के तमाड़ पूर्वी के 9 पंचायतों में अब भी विकास नहीं के बराबर हुआ है, जिससे वे इलाके को नक्सली संगठन अपने आगोश में ले रखा है। उसी तरह अड़की के बीरबाकी के आठ पंचायतों में विकास का कार्य ठीक ढंग से जमीन पर उतर नहीं पाया है। इस इलाके को पत्थरगढ़ी समर्थक और नक्सलियों ने अपने आगोश में ले रखा है। वर्तमान विधायक सरकार में रहते हुए यह काम नहीं कर पाये, कई जगहों पर कहा भी लेकिन हो न सका। आजसू सुप्रीमो ने भी अपने भाषण में दोनों प्रखंड को अलग करने की हिमाकत की थी और कहा था कि यह बन जाने से विकास होगी। अलग प्रखंड की मांग को लेकर विरसा विकास समिति के महासचिव और तमाड़ के पुर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पात्रर ने भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातू से पैदल मार्च कर रांची जाकर झारखंड के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा था, तब जाकर तत्कालीन सरकार हलचल में आयी और फाइल तैयार कर घोषणा की गयी। यह दोनों प्रखंड बनने के लिए सरकारी नियम को पूर्ण करता है। तमाड़ प्रखंड मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर यह आराहागा पंचायत से आते हैं। वहीं अड़की प्रखंड कार्यालय कोचाग और चलकद से 38 किलोमीटर दूर से आते हैं। वर्तमान विधायक 10 वर्ष से हैं, जो पांच साल भाजपा सरकार में रहे और पांच साल हेमंत सरकार में है।

## नौकरी मुआवजा को लेकर पिपरवार में हुई रैयत और प्रबंधन की वार्ता



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन और बेंती पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। इस वार्ता में बेंती पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों के लंबित नौकरी और मुआवजा को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कई वर्ष पूर्व उनकी जमीन का अधिग्रहण कर कोयला खनन का काम कर चुकी है। लेकिन अभी तक नौकरी एवं मुआवजा नहीं मिला है। जिसके कारण विस्थापित रैयत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इसके खिलाफ ग्रामीणों ने 30 जून से पिपरवार क्षेत्र मे बंदी की घोषणा की है। वार्ता में प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों को भरोसा दिया गया की कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही नौकरी और मुआवजा की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी, जिसके लिए क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक काम किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा 31 अगस्त तक समय लेते हुए मांगों को पूरा करने का आशवासन दिया गया। वार्ता में प्रबंधन के द्वारा आश्वासन मिलने एवं सहमति बनने के बाद ग्रामीणों के द्वारा 30 जून से होने वाली बंदी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि 31 अगस्त तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पुन: स्थगित बंदी को चालू किया जायेगा। वार्ता मे प्रबंधन की ओर से कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,भुमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,किशन अवस्थी, सचिदानन्द सिंह एंव ग्रामीणो की ओर से रोहण गंझु,दुलारचंद मुंडा,सुधीर साव,दिलीप कुमार, रवि कुमार,मदन कुमार राम,चंदु गंझु,सगीर अहमद,बजरंगी राम,कुलदेव गंझु,राजु गंझु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राहे निर्माणधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में गड़बड़ी पर देवेंद्र की शिकायत पर विभाग ने लिया एक्शन

**राहे (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधान सभा अंतर्गत राहे प्रखंड के नावाडीह कोटांगदाग में निर्माणधीन उप स्वास्थ्य केंद्र के कार्य पर गड़बड़ी के शिकायत पर विगत 23 जुन को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो कार्य स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची के एसडीओ को शिकायत किया था। मामला को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता ने ऐक्शन लेते हुए कार्य स्थल का निरीक्षण किया। तथा ग्रामीणों के मांग के अनुरूप देवेंद्र नाथ महतो के उपस्थिति में पांच शर्त के आधार पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का लिखित वादा के समझौता हुआ।

**पांच शर्त निम्न है** – **1.** बीम तक पूरा छत झाड़कर एवम साईड बीम साफ सुथरा कर नए तरीके से सैटरिंग किया जायेगा। **2.** ज्वाइंट में डॉक्टर फिक्स इट जैसे विश्वसनीय कंपनी से ट्रीटमेंट कर आगे ढलाई कार्य पूर्ण किया जायेगा। **3.** बचे हुए ढलाई में चिसलिंग कर ढाई इंच संपूर्ण छत में ढलाई किया जायेगा। **4.** संपूर्ण छत में डॉक्टर फिक्स इट जैसे विश्वसनीय कंपनी से वाटर प्रूफिंग कराया जायेगा। मौके पर देवेंद्र नाथ नाथ महतो ने कहा कि ग्रामीणों के उपस्थिति में शर्त के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाय अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसका सारा जवाबदेही विभाग की होगी।

## मोहननगर में नि:शुल्क पौधों का वितरण

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डॉ अंबेडकर विचार मंच एवं बाबू देवेन्द्र सिंह सेवा संस्थान के तत्वाधान में पौधा लगाओ जीवन बचाओं अभियान के तहत बुधवार को मोहननगर में दिलीप सिंह की अध्यक्षता में नि:शुल्क पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चुरी मध्य पंचायत मुखिया सुनीता उरांव तथा मंच एवं संस्थान के निदेशक राजन सिंह राजा, पंचायत संमिति सदस्य नारद राम के द्वारा ग्रामीणों के बीच तीन सौ पौधा वितरण किया गया। मौके पर राजन सिंह राजा ने कहा कि हर जागरूक नागरिक प्रत्येक दिन एक घंटा पर्यावरण एवं वातावरण संतुलन के विशय में चिंतन कर रचनात्मक कार्य करे तथा अपने आय का 10 प्रतिशत पौधा लगाओं जीवन बचाओ पर स्वेच्छा से खर्च करना चाहिए। उन्होने कहा कि हम सभी का पेड़ों के साथ–साथ पानी को बचाना कर्त्तव्य है। पौधा वितरण कार्यक्रम में इंदिरा देवी, राजेश सिंह मिंटु, रमेश चौहान, बुटन चौहान, रवींद्रनाथ चौहान, षंभुनाथ गंझू, विक्रम सिंह, रामबली चौहान, सुधा झा, सुमन देवी, अशरफी राम, प्रदीप ठाकुर, अनिता पासवान, रौशन लाल, रूकमनी देवी, सुखदेव ठाकुर, टुनू साव, फुलो देवी, कुंदन चौहान, रमेश गंझू, रामाशीश चौहान, कृशणा चौधरी, मुस्तकीम अंसारी, रवि उरांव, ललन नोनिया, ष्यामजी महतो, गुंजन चौहान, सुनील चौहान, दिनेश चौहान सहित काफी संख्या में महिला पुरूश उपस्थित थे। 05

## श्रम दान कर ग्रामीणों ने बनायी सड़क



**अड़की (आजाद सिपाही)।** सड़कों का जाल बिछाने की बात कहने वाले तमाड़ के विधायक विकास कुमार मुंडा को भी इस सड़क के हाल से अवगत कराया गया है। परंतु सड़क निर्माण वर्षो से नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों ने अपने श्रम दान कर सड़क बनाकर किसी तरह ठीक कर रहे हैं। अड़की प्रखंड सीमावर्ती क्षेत्र बालालौंग की है जहां एन एच 33 पोड़ाडीह से बालालौंग तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को कीचड़ से गुजरना पड़ता है। बरसात आना जाना बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया की इस सड़क को लेकर स्थानीय विधायक, सांसद से लेकर मंत्री तक को पत्राचार किया गया है, लेकिन किसी ने भी सड़क निर्माण को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखायी। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा की स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा का दो टर्म पूरा होने को है लेकिन यह सड़क जस का तस ही है। वहीं ग्रामीण कहते है की बरसात के दिनों में बालालोंग तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बरसात में सबसे बड़ा समस्या मरीजों को लेकर होती है जहां मरीजों को खटिया में टांग कर एन एच तक पहुंचाया जाता है इस अवसर पर रंजीत मुंडा, बीरेंद्र सिंह मुंडा,तुलसी मछुवा, भीम मुंडा, गणेश मुंडा, मुगा मुंडा, लखन मुंडा, पुष्कर मुंडा, हरी मुंडा, कर्णो मछुवा, पूर्ण चंद्र लोहरा, भोलेनाथ हजाम, शशि लोहरा, कर्म मुंडा, रवीन्द्र मुंडा, ऋषिकेश मुंडा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन

# नशा मुक्ति अभियान में समाज के हर वर्ग की भूमिका अहम : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बिरसा कॉलेज फुटबॉल मैदान से नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और आमजन शमिल हुए। उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। साथ ही संकल्प लिया गया कि नशा करने से रोकने में वे लोगों को प्रोत्साहित करेंगे। उपायुक्त ने आमजनों से नशा मुक्ति अभियान में जिला प्रशासन द्वारा सहयोग देने की बात कही तथा युवा वर्ग और आनेवाली पीढ़ी को नशे की चपेट में जाने से रोकने की अपील लोगों से की। लोगों से अपील की गयी कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से अवगत करायें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान में समाज के हर वर्ग की भूमिका अहम है। सबको मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करना होगा, तभी हमलोग नशे के विरुद्ध इस अभियान में सफल होंगे। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज का यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है, ताकि इस अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय और लोगों को नशे की चपेट में आने से बचाया जाए। मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान कालो मुंडा, द्वितीय स्थान अमरजीत कुमार और तृतीय स्थान बिरया होरो ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम हीरा संगा, द्वितीय संगीता मरांडी और तृतीय स्थान आयतीस सांगा ने प्राप्त किया।

# नशापान से परिवार बर्बाद होता है : विकास जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रनिया थाना पुलिस द्वारा नशापान के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर लोगों को नशापान नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को रनिया प्रखंड के खटगा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशापान के विरुद्ध जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रनिया के थाना प्रभारी किवास जयसवाल ने कहा कि नशापान से परिवार के साथ ही समाज पर बहुत बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशाापान से न सिर्फ परिवार बर्बाद होता है, बल्कि इंसान की मौत भी हो जाती है। यह जानते हुए भी लोग इसकी लत में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार और समाज के लिए हमे नशापान का त्याग करना ही पड़ेगा। विकास जयसवाल ने लोगों से अपील की कि किसी भी हाल में अफीम की खेती न करें, यह समाज को बर्बाद करने का सबसे बड़ा कारण है। डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास की चर्चा करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि यह सिर्फ अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला तो करूणा की प्रतिमूर्ति होती है, वह कैसे किसी की जान ले सकती है। उन्होंने कहा कि किसी को डायन कह कर प्रताड़ित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें और यातायात नियमों का पालन करें।

## जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़े ग्रामीण की गिरने से मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थानांतर्गत फुदी गांव निवासी मार्शल डेरे संगा नामक 45 वर्षीय ग्रामीण की बुधवार को एक जामुन पेड़ से गिरने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मार्शल डेरे संगा बुधवार को गांव में ही स्थित एक जामुन पेड़ पर जामुन तोड़ने चढ़ा था। जामुन तोड़ने के दौरान वह असंतुलित होकर पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया, लेकिन रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

# शॉर्ट सर्किट से आधा दर्जन घर जल कर राख

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** निमडीह थाना क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड का आतंक देखने को मिला है।जहां बीती रात 10 से 12 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के दो घरों में धावा बोल दिया। जिससे दो कच्चे मकान ध्वस्त हो गये। वहीं शॉर्ट सर्किट होने के चलते 6 घरो में भीषण आग लग गयी। बीते रात कुम्हारी वनगोड़ा में जंगली हाथियों का झुंड जंगल से विचरण करते हुए गांव की तरफ आ गया और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। गांव के ही भूषण महतो एवं निपेन महतो के मिट्टी से बने कच्चे मकान को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया। मकान ध्वस्त होने से घरों में शॉर्ट-सर्किट हुई। जिसके चलते आसपास के तकरीबन 6 अन्य झोपड़ीनुमा मकान जलकर पूरी तरह राख हो गये। इस घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गयीं। आग लगने के बाद घरों में सो रहे सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गये। लेकिन इस भीषण आगजनी की घटना में इन सभी घरों में रखें अनाज, पशु, बकरी मुर्गी आदि भी जलकर राख हो गये ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने वन विभाग के अधिकारियों को नुकसान आकलन व मुआवजा प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया है।

विधायक ने बताया कि कुकुड़ु प्रखंड के बीडीओ और सीओ को भी ग्रामीणों को सरकारी प्रावधान के तहत तत्काल मुआवजा भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### रेजिस्ट अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# खूंटी को नशा मुक्त करना हम सबकी जिम्मेवारी है: अनिकेत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड सरकार द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे रेजिस्ट अभियान के तहत बुधवार को बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन और डालसा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह, एनसीबी की एम. मीणा, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जे किड़ो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित सीनी की शिल्पा जयसवाल और डेफ्ट की नीपा बसु ने दीप प्रज्वलित कर सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि हमारी मुहिम नशे के खिलाफ है। जिला प्रशासन मादक पदार्थों और अफीम के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। खूंटी को नशा मुक्त करना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ग्रामसभा एवं विभिन्न बैठकों में नशे के खिलाफ चर्चा करें और इसके विरुद्ध आवाज उठाएं। मादक पदार्थों को लेकर कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि खूंटी को नशामुक्त करना हम सब की जिम्मेवारी है। नशे की अवैध खेती और खरीद बिक्री को रोकने के लिए कड़े कानून बनाये गये हैं। दोषी पाए जाने पर 20 साल तक की सजा और दो लाख रुपये तक का जुमार्ना है। हम सब का दायित्व है कि हमारे देश, राज्य और जिले में खासकर युवाओं के बीच मादक पदार्थ के बढ़ते प्रचलन को रोकने में अपना योगदान दें और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करें। नशे के दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची की आइओ एम मीणा ने वीडियो फिल्म के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लोग खासकर युवा वर्ग जाने अनजाने नशे के शिकार हो जाते हैं, जिसके कारण वे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से परेशानियों का शिकार होते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ शपथ ली और अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। साथ ही ई प्रतिज्ञा के माध्यम से सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया।

आयोजन के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के कारण हो रहे दुष्प्रभावों पर जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ नमिता टोप्पो, कुमार सौरभ, राजकुमार गुप्ता, मदन गौंझू, प्रीतिवंती, सभी सीडीपीओ, एलएस सहित बड़ी संख्या में बिरसा कॉलेज और संत जोसेफ कॉलेज तोरपा के विद्यार्थी सहित सेविकाएं उपस्थित थीं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तैमारा थाना अंतर्गत रांची टाटा सड़क पर सड़क हादसा में एक युवक की मौत तथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार रांची टाटा रोड में खड़ी टाटा मैजिक गाड़ी को बाइक सवारी युवकों ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।


## नशा मुक्ति के लिए जागरूगता यात्रा निकाली

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में स्वयंसेवकों के द्वारा नशा मुक्ति हेतु जनजागरण यात्रा निकाली गयी, जो कॉलेज से शुरू होकर कॉलेज मोड़ हाइवे से होते हुए कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। यात्रा का शुभारंभ प्राचार्य प्रो मुकुल कुमार ने किया प्राचार्य ने नशामुक्ति को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। समाज को नशा मुक्त करने के लिए युवाओं का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक कार्यक्रम प्रभारी डॉ आराधना तिवारी, डॉ तारकेश्वर कुमार, संगीता जयसवाल, डॉ अशोक शर्मा, डॉ दीप नारायण जयसवाल, डॉ रविकांत मेहता, डॉ छटुराम प्रो हंस कुमार एवं सभी गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए जनसामान्य को जागरूक किया।

## बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतीयानी संघर्ष समिति के तत्वाधान पर आगामी 6 जुलाई को बुंडू के ताऊ मैदान में बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो देवेंद्र नाथ महतो, संजय मेहता रिजवान अंसारी के अलावा कई केंद्रीय नेता सभा को संबोधित करेंगे। उक्त महासभा की तैयारी को लेकर महिला समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा के नेतृत्व में पंच परगना क्षेत्र में व्यापक रूप से गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## आंदोनकारी देवेंद्र नाथ महतो को सदर थाना कांड संख्या 71/22 में मिली जमानत



**राहे (आजाद सिपाही)।** वरीय अधिवक्ता सृष्टि रंजन महतो ने बताया कि जुडिशियल मैजिस्टेड फर्स्ट क्लास अभिशेख श्रीवास्तव कोर्ट से खतियान आंदोलनकारी सह जेबीकेएसएस केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो को आज मिला अग्रिम जमानत साथ ही अधिवक्ता ने बताया कि 21 फरवरी 2024 को 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर खेलगांव चौक से बूटी मोड़ होते हुए मेडिका हॉस्पिटल मैदान रैली किया गया था जिसमें अत्यधिक भिड़ होने के वजह से रांची का ट्रैफिक का ट्रेफिक तहस नहस हो गया था, उसी दिन बड़गाई सीओ सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। छात्रों का मसीहा देवेंद्र नाथ महतो निरंतर जेपीएससी, जेएसएससी में हो रही गड़बड़ी के खिलाफ तथा खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर निरंतर आंदोलन करते हैं। 6040 नाय चलतो के अगुवा देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास घेराव, विधान सभा महाघेराव, कई बार झारखंड बंद, कई बार ट्विटर कैंपेन को ऐतिहासिक सफल बनाया जा चुका है।

## विधायक सविता महतो ने टीएमएच से कराया 40 हजार रुपये का बील माफ



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जामदोहा निवासी जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी के मांझली दीदी जितेन मांझीयान का सांस संबंधी समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इस दौरान वे स्वास्थ्य हुए और इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल एक लाख के पार हो गयी। परिजनों ने कुछ बिल चुकाने के बाद बाकी बचे शेष बील चुकाने में असमर्थता जताते हुए जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी ने इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दिया। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर करीब 40 हजार रुपये का बील माफ करते हुए जितेन मांझीयान का अस्पताल से छुट्टी दिलाई। विधायक के इस नेक कार्य के लिए परिजनों ने विधायक सविता महतो का आभार व्यक्त किया। उक्त बात की जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य सह आप्त सचिव काबलु महतो ने दिया।

## मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने फागू बेसरा को रैयतों की समस्याओं से कराया अवगत

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा का प्रतिनिधि मंडल ने मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा से मुलाकात किया।केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन एव शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में रांची में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा को पिपरवार कोयला साइडिंग फेज वन के रैयत विस्थापित को नौकरी मुआवजा मिलने में हो रही परेशानी से अवगत कराया। शिवनारायण लोहरा ने केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा को बताया कि पिपरवार साइडिंग फेज वन के रैयत को जो नौकरी मुआवजा के लिए वर्षों से पिपरवार प्रबंधन एव अंचल कार्यालय एव रांची कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ रहा है लेकिन अभी तक नौकरी मुआवजा देने को लेकर कोई ठोस पहल नही दिख रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने रैयतों की समस्याओं को गंभीरता से लिया है और उन्होंने तुरंत अपर समाहर्ता से इस संबंध में बात भी किया। कहा कि रैयत विस्थापित के साथ अन्याय नही होने दिया जायेगा। इस मौके पर रमेश, ताहिर अंसारी, सुकर गंझु शामिल थे।

## गुरुकुल खूंटी के 28 छात्रों को मिला नियुक्ति पत्र, दी गयी विदायी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार एवं प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आइटीआइ कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी में प्रेझा फाउंडेशन के अमित आनंद, सीनियर स्पेशलिटी सेवक और प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने प्लंबर और शटरिंग कारपेंटर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त 28 छात्रों को नियुक्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ये सभी छात्र शोभा कंस्ट्रक्शन, कोच्ची में कार्यरत रहेंगे। इस संबंध में गुरुकुल खूंटी के प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने बताया कि गुरुकुल हमेशा वैसे लड़के-लड़कियों को उनके गरीबी चक्र से बाहर निकालकर, आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर जीवन शैली एवं सुरक्षित रोजगार देने के लिए झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में एक नया आयाम लिख रहा है। अब तक कल्याण गुरुकुल खूंटी से विभिन्न ट्रेड में 1930 से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग देकर देश-विदेश में रोजगार से जोड़ा गया है। नियुक्ति पत्र वितरण के बाद विदाई समारोह में गुरुकुल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तीन युवक गिरफ्तार

## रांची, गुमला एवं लोहरदगा के अलावा छत्तीसगढ़ से जुड़े गिरोह के तार

**रांची के चार डीलरों के नाम का किया खुलासा, जिनसे प्रतिबंधित दवाओं को खरीद कर ऊंची दाम में बेचते थे**

आजाद सिपाही संवाददाता


पकड़े गये आरोपितों व जब्त सामान की जानकारी देते डीएसपी अखिल नितिश कुजूर।

**इटकी।** पुलिस ने नशीली पदार्थ व दवाओं के कारोबार से जुड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मंगलवार को स्टेशन रोड के पास सहदेव पेट्रोल पंप के सामने अर्ध निर्मित एनसीडीसी अस्पताल के पास एक कमरा में छापामारी की। पुलिस ने वहां से तीन बड़े सिल बंद कार्टून और दो जुट के बोरे में 1500 ऑनरेक्स कप सिरप की शीशी और एक 13 डिब्बों से 1872 वींस पाजमोफोर्ट नशीली कैपसूल के अलावा दो डब्बा 1180 नशीली ऐपरासेफ टैबलेट जब्त किया है। लगे हाथ प्रतिबंधित नशीली पदार्थ के कारोबार में संलिप्त तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान इटकी गुलाम टोली के इमरान अंसारी, मस्जिद टोली के दानिश अंसारी और गुलजार रोड निवासी मोहसीन अंसारी के रूप में हुई है। उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जबकि जब्त कप सिपर और नशीली दवाओं की किमत करीब 15 लाख रुपये बतायी जा रही है। इसकी जानकारी डीएसपी अखिल नितिश कुजूर ने दी। वे बुधवार को थाना कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नशीली पदार्थ के कारोबार का कुछ दिन पहले गुप्त सूचना मिली थी। इस अवैध कारोबार में जुड़े लोगों की गतिविधियों पर पुलिस नजर रख रही थी। मंगलवार को सूचना मिलने पर एक टीम बनाई गई और एनसीडीसी भवन के निकट घेराबंदी कर आरोपितों को दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपित इमरान अंसारी ने रांची के चार डिलरों के नाम का खुलशा किया है। इसमें आईटीआई बस स्टेन अमीत सिंह उर्फ सूरज, जलान रोड रांची के बाबा हेमन्त उर्फ रवि गुप्ता, दलादिली आशिष रंजन और पंडरा बाजार समिति के रंजन सिंह उर्फ सूरज का नाम शामिल है। कथित चारो रांची के अलावा गुमला, लोहरदगा, छत्तीसगढ़ सहित अन्य इलाकों में नशीली दवा के कारोबार का तार जुड़ा हुआ है। ये प्रतिबंधित दवाओं का भंडारण और व्यापार से जुड़े है। मादक पदार्थो को एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने और पुलिस की नजर से बचने के लिए यात्री बसों का इस्तेमाल करते है। मुख्य अभियुक्त इमरान अंसारी ने पुलिस के समक्ष अपराध को स्वीकार करते हुए बताया कि रांची के उक्त डिलरों से माल लाते है और अधिक दाम पर युवकों से बिक्री करते है। जिससे अच्छी कमाई होती है। वहीं, छापामारी टीम में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एएसआई सुमित कुमार दास, एएसआई अनुज प्रसाद यादव, हवलदार कोसमोस टोप्पो, तारण सिंह, बीरसिंह मुण्डा, आशित केरकेट्टा और चालक सुनील कुमार सिंह शामिल थे।

# विशेष लोक अदालत में 28 साल पुराने मामले का निष्पादन


आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची डालसा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 29 जूलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत होना सुनिश्चित हुआ है। इस क्रम में बुधवार को उच्चतम न्यायालय में 28 साल पुराने लंबित वाद संख्या एसएलपी (सीआरएल) 26658/2019 में प्रथम पक्ष कन्हाई साहू एवं द्वितीय पक्ष प्रमिला देवी, शिशुपाल शर्मा एवं दुर्गा कुमारी के बीच सुलह कराया गया। अधिवक्ता मध्यस्थ मनिषा रानी एवं उनके अधिवक्ता रामनारायण साहू के योगदान से दोनों पक्षों के बीच में सुलह हुआ। गौरतलब हो कि उक्त वाद में वर्ष 1996 में ट्रक और कार की टक्कर में प्रमिला देवी के पति का निधन हो गया था। उस समय उनके बच्चे बहुत छोटे थे। प्रमिला देवी ने एमएसीटी लोहरदगा में कंपेनसेशन वाद संख्या 180/1996 प्रस्तुत की गयी थी। जिसमें वर्ष 2005 में आदेश हुआ। जिसके उपरांत वाहन मालिक कन्हाई साहू द्वारा प्रमिला देवी एवं उनके बच्चों को मुआवजा देने का आदेश हुआ था। इसके विरोध में कन्हाई साहू उच्च न्यायालय के समक्ष मिस्कलेनियस अपील संख्या 161/2005 दायर किये थे। सुनवाई के बाद उक्त वाद में नीचली अदालत का आदेश को मान्य किया गया। इसके विरोध में कन्हाई साहू उच्चतम न्यायालय में उपरोक्त वाद को प्रस्तुत किये थे। मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच कई बैठकों के बाद मध्यस्थ के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच सुलह हुआ और कन्हाई साहू द्वारा प्रमिला देवी एवं उनके बच्चों को उचित राशि प्रदान की गयी। इसके बाद दोनों ही पक्ष भविष्य में किसी भी वाद को लड़ना नहीं चाहते है। सुलह होने पर पीओ एमएसीटी, मनीष, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय-2 राजेश कुमार सिंह एवं डालसा प्रभारी सचिव राकेश रंजन ने दोनों पक्षों को बधाई दी।

# बालू की किल्लत से रुका कुंआ, अबुआ आवास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड सरकार की ओर से बालू उठाव पर लगाई गई रोक के कारण प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बालू की भारी किल्लत है। बालू के अभाव से कई सरकारी योजनाएं भी बाधित हैं। यहां कई जरूरतमंदों को सरकार ने अबुआ आवास दिया है, लेकिन बालू के अभाव में योजनाएं आधी-अधूरी हैं और शुरू नहीं हो पा रही हैं। प्रखंड में इन दिनों बालू की कीमत 40 हजार रुपए प्रति हाइवा बालू बिक रहे हैं। जिस कारण बालू अब आम लोगों की पहुंच से दूर हो गया है। बालू की किल्लत से कुआं निर्माण कर रहे लाभुकों के लिए सबसे ज्यादा परेशानी बढ़ गई है। वहीं मासनूसी बारिश सिर पर है। ऐसे में अगर एक-दो सप्ताह में कुआं को पटवन नहीं किया गया तो वर्षा से कुआं धंस जाएगी। अगले साल नए सिरे से कुंए की खुदाई करना पड़ेगा जो लाभुकों के बजट से बाहर होगा। लाभुकों ने बताया कि प्रखंड में दर्जनों कुंआ एवं अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति पर है। इनमें से सभी कार्य अधूरे हैं। इधर, बालू के किल्लत से निजी निर्माण कार्य भी लगभग बंद है। जिससे जुड़े राजमिस्त्री मजदूर आदि बेरोजगार हो गए हैं। मजदूरों को काम नहीं मिलने से उनके सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। मजदूर राजू व रमेश ने बताया कि निर्माण कार्य नहीं होने से कम बंद है। पिछले एक सप्ताह कोई काम नहीं मिला है।

### पलायन कर रहे मजदूर

बालू किल्लत से अबुआ आवास योजना के तहत बन रहे गरीबों के आशियाने का निर्माण कार्य पूरी तरह से बाधित है। निर्माण कार्य बंद हो जाने से मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण प्रतिदिन दर्जनों मजदूरों का पलायन हो रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नवागढ़ दिनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में मनाया गया विश्व औषधि दिवस



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ स्थित दिनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त करने के लिए इस वर्ष भी विश्व औषधि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नशा से छुटकारा के लिए नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, एस्से राइटिंग, रंगोली कंपटीशन, के अलावा नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण भी करवाया गया। इस मौके पर नवागढ़ ईडीएस के सेंटर मैनेजर अजमल सिद्धिकी, प्लेसमेंट मैनेजर परम हंस कुमार, ट्रेनर संजीव तिवारी, सौरभ मिश्रा, शालिनी कुमारी, नीतू रानी केरकेटा, मीनाक्षी यादव, अलीशा कुमारी, पप्पू अंसारी, रोबिन मांझी आदि उपस्थित थे।

### कुएं में डूबने से बच्चे की मौत

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** टाटी पंचायत के मातकोमडीह गांव में कुएं में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। उसकी पहचान रामलाल बेदिया (चार साल) के रूप में हुई है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर में अकेला था। आशंका जताई जा रही है कि खेलते -खेलते कुआं पास चला गया होगा और झांकने के क्रम में गिर जाने से डूब कर उसकी मौत हो गयी होगी। शाम को परिजनों ने गांव के चारों ओर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार की सुबह कुआं में झांका गया, तो उसका शव तैरता बरामद हुआ। इसकी सूचना टाटी मुखिया रामानन्द बेदिया को दी गई। मुखिया ने तुरंत सिकिदिरी पुलिस को घटना की जानकारी दिया। खबर पाते ही सिकिदिरी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। परिजनों के आग्रह पर एक लिखित आवेदन लेकर दाहसंस्कार के लिए शव को सौंप दिया गया।

### बुंडू बीडीओ ने संभाला अतिरिक्त पदभार




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बुंडू बीडीओ रेणु कुमारी ने बुधवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय में (अतिरिक्त) प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने नामकुम अंचल अधिकारी प्रभात भूषण सिंह से यह पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नए बीडीओ रेणु कुमारी ने कहा कि प्रखंड कार्यालय के कामकाज को चुस्त-दुरुस्त करने का प्रयास करुंगी। साथ ही आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करुंगी।

### ओरमांझी : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चुटूपालू में बुधवार की सुबह छह बजे एक तेज रफ्तार कार ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान अल्ताफ हुसैन के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर ओरमांझी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। पता चला है कि वह गैरेज में कार्यरत था।

### ओम बिरला के लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर चुने जाने पर दी बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्पीकर सदन में पक्ष-विपक्ष दोनों के नेता होते हैं। उन्हें सता पक्ष के साथ ही विपक्ष को भी सदन में प्रमुखता के साथ अपनी बातों को रखने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्पीकर महोदय विपक्ष के साथ सता पक्ष पर भी अंकुश लगायेंगें।

# किशोरी से छेड़खानी, युवक की पिटाई

**पोक्सो एक्ट के तहत चार युवकों पर प्राथमिकी दर्ज**

**पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाकर बचायी जान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के सिमलिया बगलता नयाटोली में छेड़खानी के आरोपी एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। घटना बुधवार की बतायी जा रही है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से भीड़ से युवक को बचाया और थाना ले आयी। जानकारी के मुताबिक विवेक कुमार साहू नामक आरोपी युवक लोहरदगा के चेनकोपा का रहने वाला है। वह दो महीने से यहां रहकर फ्लाईओवर केसीसी विल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपन्नी में काम कर रहा था। बुधवार की दोपहर 2.30 बजे बजरा मध्य विद्यालय से 3-4 किशोरियां घर लौट रही थी। तभी फ्लाई ओवर में काम करने वाले युवकों ने उन लोगों से छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनका शोर सुनकर ग्रामीण उनकी ओर बढ़े। यह देख युवक वहां से फरार हो गये। पर एक युवक को ग्रामीणों में पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। उसके सिर व अन्य जगहों पर चोट आई है। युवक की पिटाई की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को भीड़ से बचाकर थाना ले आयी। मामले को लेकर सिमलिया निवासी गोविंद शर्मा ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ को लेकर रातू थाने में चार युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार युवको की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# भूमिदान में मिली जमीन पर अवैध कब्जा करने का किया जा रहा प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल मौजा अंतर्गत हेसल कॉलोनी स्थित एक आदिवासी भूखंड पर कुछ लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश में लगे हैं। भूखंड के मालिक प्रदीप पाहन ने बताया कि हेसल कॉलोनी के पास 35 साल पहले तत्कालीन बिहार सरकार की ओर से उनके स्व पिता हरखनाथ पाहन के नाम हेसल मौजा के खाता नंबर 305 की दो एकड़ जमीन बंदोबस्त की गई थी। आज भी इस भूखंड पर उसके परिवार का दखल कब्जा और जोतकोड है। आरोप लगाया कि उक्त भूखंड पर हेसल गांव के कुछ लोग फर्जी कागजात के आधार पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। कई बार उक्त लोगों द्वारा जमीन पर जबरन जोतकोड़ और निर्माण कार्य करने की कोशिश की गई है। इसका विरोध करने पर उन्हें जातिसूचक गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी जाती है। मामले को लेकर कई बार मुख्यमंत्री, उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायत की पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे उनका मनोबल काफी बढ़ गया है। दो दिन पहले भी उक्त लोगों द्वारा जमीन पर बाउंड्री कराने के लिए नींव खोदाई कराया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर जातिसूचक गाली गलौज के साथ ही जान से मारने की धमकी दी गयी। प्रदीप पाहन ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर बुधवार को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता लाते हुए रैली निकाली। जो विद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर बीआरसी बेड़ो, प्रखंड कार्यालय परिसर, लोहरदगा रोड महावीर चौक होते पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुआ। रैली में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा जागरूकता नारों व हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकाली, जिसमें युवाओं ने यह ठाना है नशा को जड़ से मिटाना है, नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ो, जो करेगा नशा उसकी होगी दुर्दशा आदि नारे लिखे हुए थे। रैली में प्रधानाध्यापिका हेनरीएता मिंज, शिक्षिका श्रुति, सुप्रिया, अमिता, शिक्षक ज्ञानेंद्र, दयानन्द, प्रकाश आदि शामिल हुए।

### समस्याओं को लेकर विधायक ने की समीक्षा बैठक

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विगत कई दिनों से सभी सरकारी काम बाधित रहने के चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। तत्कालीन प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सुकेसनी केर-केट्टा के मातृत्व अवकाश में चले जाने के कारण सभी सरकारी कार्य बाधित था। डीसी के निर्देश पर जिले के कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू को प्रखंड सह अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस अवसर पर विधायक ने सभी कर्मचारी को समय पर कार्यालय आने की सलाह दी। कहा कि इमानदारी व समय से काम करें। क्योंकि लोग जाति, आय और स्थानीय प्रमाण पत्र जरूरत में बनवाने आते हैं।

# ओरमांझी में बच्ची से दुष्कर्म की घटना के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं का कैंडल मार्च



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी में एक बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के खिलाफ बुधवार की शाम भाजपा अनगड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं ने गोंदलीपोखर में कैंडल मार्च निकाला। जिलकी अगुवाई पार्टी के मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को इंसाफ देने, दोषियों को फांसी की सजा देने, पीड़िता का पुनर्वास करने आदि मांग की गई। कैंडल मार्च में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ रिझू नायक, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मनोज कुमार चौधरी, नरेश साहू, रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, शिबू मुंडा, राजेन्द्र महतो, सुनील कुमार महतो, घनेनाथ महतो, अगमलाल महतो, दुर्गा पाहन, बिहारी साहू, सुप्रेश महतो, पुशनाथ मुंडा, सुरेश महतो, राजेन्द्र महतो, बलेश महतो, बिंदेश्वर महतो, धनीराम महतो आदि शामिल हुए।

# प्रवासी मजदूर दूसरे राज्यो में प्रवास पर जाने से पहले अपना निबंधन जरूर करा लें : सहायक श्रमायुक्त

**अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना के तहत बोकारो जिला की ओर से गठित 'मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से कुल तीन प्रवासी श्रमिकों के आश्रितों को मुआवजा राशि का चेक दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** अंतर्राज्जीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना के तहत बोकारो जिला की ओर से गठित 'मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से कुल तीन प्रवासी श्रमिक पेटरवार प्रखंड के सदमाकला निवासी स्व नरेश महतो के आश्रितों को एक लाख रुपए का चेक एवं पेटरवार प्रखंड के लेपो निवासी स्व नरेश महतो के आश्रितों को 1.5 लाख रुपए का चेक दिया गया। इसके अलावा चंद्रपुरा प्रखंड के तरंगा निवासी स्व महेंद्र महतो के आश्रितों को भी 1.5 लाख रुपये का चेक उनके आश्रितों को सौंपा गया। जिनकी मृत्यु अन्य राज्य में हो गयी थी। उक्त जानकारी सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने दी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि अंतर्राज्जीय प्रवासी मजदूरों को अन्य दूसरे राज्य में प्रवास पर जाने से पहले अपना निबंधन पास के श्रम कार्यालय में जा कर अथवा श्रमधान.झारखंड.जीओवी.इन पर ऑनलाईन माध्यम से खुद भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अन्तर्राज्जीय प्रवासी कर्मकारों को प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत्यु और स्थायी या पूर्ण रूप से अशक्त होने की स्थिति में पंजीकृत प्रवासी कर्मकारों को दो लाख रुपये का भुगतान आश्रितों लाभुकों को किया जायेगा। साथ ही अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों को डेढ़ रुपये का भुगतान आश्रितों/लाभुकों को किया जाएगा। वहीं, दुर्घटना में दो आंखों या दो अंगों की हानि होने पर पंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों को दो लाख रुपए का भुगतान और अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों डेढ़ लाख रुपए का भुगतान आश्रितों/ लाभुकों को किया जाएगा। इसी तरह दुर्घटना में एक आंख या एक अंग की हानि होने पर पंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों को एक लाख रुपए का भुगतान एवं अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों 75 हजार रुपए का भुगतान आश्रितों/ लाभुकों को किया जाएगा। सामान्य मृत्यु होने पर पर पंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों को मृत शरीर को पैतृत निवास तक लाने के लिए अधिकतम 50 हजार रुपये एवं अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों के मृत शरीर को पैतृत निवास तक लाने के लिए अधिकतम 50 हजार रुपये की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

# पार्टी की रीढ़ बनकर काम कर रहे कार्यकर्ताओं को उनके घर जाकर सम्मानित करना गौरव की बात : अरुणा शंकर





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर सह भाजपा नेत्री अरुणा शंकर ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वासरमा के आह्वान पर कार्यकर्ताओं को बुलाकर बात करने के बजाय उनके घर जाकर सम्मान देने की प्रक्रिया शुरू की। यही नहीं केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं को ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर बताने के निर्देश का पालन करते हुए गांव-गांव जाकर चौपाल लगाने एवं विगत लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज विधानसभा के हर मंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए डाल्टनगंज विस के सभी मंडल अध्यक्षों के घर-घर जाकर सम्मानित करने का निर्णय लेते हुए बुधवार को नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे और चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने कहा कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशी नहीं, बल्कि कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं, जो संगठन की रीढ़ होते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज मैं मंडल अध्यक्षों को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। आने वाले समय में बूथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं को सम्मानित करूंगी।

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# 24 जुलाई तक घर-घर जाकर किया जायेगा मतदाता सूची का पुनरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता


राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते बीडीओ।

**विश्रामपुर/पलामू।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से साथ बैठक हुई। जिसमें मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गई। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं तो उसकी सूची भी उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उसे दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र, जर्जर व दूरस्थ मतदान केंद्र एवं शहरी क्षेत्र की सोसाईटीज या हाइ राइज बिल्डिंग जिसमें मतदाताओं की संख्या 500 या इससे अधिक है, उन स्थानों पर सर्वेक्षण करते हुए नए मतदान केंद्र का गठन किया जाना है। इस बाबत उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि ऐसे क्षेत्रों में यदि कोई नए मतदान केंद्र निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होती है तो वे उसकी सूची अविलंब कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से ज्यादा से ज्यादा योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान बीएलओ के साथ राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट टैग करने की बात कही गई, ताकि स्वस्थ व त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाया जा सके।

## संजय सिंह ने की केंद्रीय पर्यटन मंत्री से मुलाकात



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने केंद्रीय पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से दिल्ली निवास पर मुलाकात की। साथ ही उन्हें मोदी सरकार 3.0 में केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने झारखंड के पलामू जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने 140 छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल वितरण



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पितांबरपुर के प्रखंड कार्यालय में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बुधवार को विभिन्न विद्यालयों के 9वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक एवं बीडीओ सेवा राम साहू द्वारा साइकिल बांटा गया। विधायक ने कहा कि शिक्षा को गति देने के लिए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया है। इससे बच्चों को पढ़ाई के लिए विद्यालय आने जाने में सुविधा मिलेगी। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, उप प्रमुख कुसुम देवी, संदीप यादव, अजय पासवान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सुशांत सिन्हा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट



**रांची (आजाद सिपाही)।** बरियातू के गेमर्स गैरेज में बुधवार को चौथा रांची स्नूकर चैंपियनशिप का समापन हुआ। जमशेदपुर के सुशांत सिन्हा तीन इवेंट जीत कर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। सुशांत सिन्हा ने मास्टर 15 रेड में यश किंगर को 3-2 से हराया, 6 रेड में शुभम गुप्ता को 3-2 से और 9 बॉल्स में हजारीबाग के डॉ स्नेहांशु साहा को 5-3 हराया। मिनी 15 रेड में सिद्धार्थ पावर (सिद्धू) ने अनुज को 3-2 हराया और 6 रेड में ऋग ने अमृतांश को 3-2 हराया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के अलग-अलग जगहों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। यश किंगर ने विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी, नगद राशि और क्लब का फ्री सदस्यता भी मिली। वहीं डॉ मोहम्मद जाकिर ने इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर विजेताओं और उप विजेताओं सहित हरीश, इरफान, मेजर, टीपू, इंदर, राहुल, नीरज, जॉनसन, शुभम, सुशांत, सिद्धू, अमृतांश और नील मौजूद थे।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर डीसी ने सभी पर्यवेक्षकों को सौंपे टास्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने एक जुलाई को 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर निर्देश दिये। वे बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी पांचों विधानसभा के बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम दो चरणों में पुनरीक्षण में होगा। पहला चरण 25 जून से 24 जुलाई तक प्री रिवीजन एक्टिविटीज, जबकि दूसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिवीजन एक्टिविटीज के लिए निर्धारित की गई है। बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा, जबकि 20 अगस्त से निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में डीसी ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी गयी है, उस सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नए सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है। इसके अलावे आगामी 20 दिन एएसडी लिस्ट पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश। वहीं, डीईओ ने सभी मतदाताओं से भी अपील की कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार के सुधार कराने हैं, वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन दें। ऐसा कर वे आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गयी।

## शहीद कुंदन सिंह की छठी पुण्यतिथि पर एसडीपीओ ने दी श्रद्धांजलि

# शहीद कभी मरा नहीं करते, वे लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नक्सलियों से संघर्ष करते हुए बुढ़ा पहाड़ पर शहिद हुए कुंदन कुमार सिंह की छठी पुण्य तिथि पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। हुसैनाबाद प्रखंड के गमहर बीघा में स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रमाशंकर पटेल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव एवं कामगारपुर पिकेट प्रभारी सुबोध सिंह, एसआई तंजीलुल मन्नान आदि ने गमहर बीघा गांव पहुंच कर शहिद कुंदन कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर एसडीपीओ ने शहीद कुंदन कुमार सिंह की शौर्यगाथा की बखान करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी जाया नहीं जाती। शहीद कभी मरा नहीं करते, वे लोगों के दिल में जीवित रहते हैं। बताचें चलें कि बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट कर वाहन को उड़ाये जाने की घटना में झारखंड जगुआर के कुंदन कुमार सिंह के साथ छह अन्य जवान शहीद हुए थे। वहीं पुण्यतिथि पर हुसैनाबाद एसडीपीओ ने थाना प्रभारीयों के साथ शहिद कुंदन कुमार सिंह के घर पहुंच कर शहीद की मां शारदा देवी और पिता सुरेश सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।


**कार्यालयः– जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा।**

**कृषक बन्धुओं के लिए अति आवश्यक सूचना**

**पैक्सों (MPCS) में सदस्यता वृद्धि अभियान प्रारंभ**

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार दिनांक–25/06/2024 से 25/07/2024 तक कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी पैक्सों (बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि०) में सदस्यता वृद्धि अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि अपने नजदीकी पक्स (MPCS) में जाकर पैक्स (MPCS) की सदस्यता नियमानुसार ग्रहण करें।

**पैक्स (MPCS) की सदस्यता हेतु अर्हता–**
- प्रत्येक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति पुरूष अथवा महिला सदस्य बन सकते है।
- सदस्यता शुल्क 10/– रू०
- शेयर मनी– (1) 100/– रू०
- आधारकार्ड की छायाप्रति
- **पैक्स** (MPCS) की उपविधि के अनुसार **पैक्स** (MPCS) सदस्यता प्राप्त करने हेतु अन्य अर्हता आवश्यक ।

**पैक्स (MPCS) द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ–**
- उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता।
- न्युनतम सर्मथन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति संबंधी सुविधा।
- पक्स (MPCS) द्वारा सी०एस०सी० (C.S.C) सेंटर के रूप में कार्य करना।
- जमावृद्धि योजना का संचालन।
- प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत।
- जन औषधि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत।
- कई पक्सों (MPCS) द्वारा व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन।
- सभी पक्सों (MPCS) को कम्प्यूट्रीकृत किया जा रहा है।
- अन्य सुविधाएँ।

- आपके नजदीकी पक्स (MPCS) में सदस्यता फार्म निःशुल्क उपलब्ध है।
- किसी भी प्रकार की काठीनाई हाने पर अपने प्रखण्ड़ के पक्स (MPCS) अध्यक्ष/प्रबंधक/प्रखण्ड़ के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक, स०स०, कोडरमा अंचल, कोडरमा से सम्पर्क किया जा सकता है।

**निवेदक**
**जिला सहकारिता पदाधिकारी**
**कोडरमा**

PR 327724 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D



**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण।**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के निदेशानुसार हजारीबाग जिला के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी इच्छुक मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र व राज्य सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| क्र०सं० | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानीत राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनु०जाति/अनु० जनजाति/महिला | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कार्प हैचरी निर्माण | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 2 | रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे०में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 3 | ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे०में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क्र०सं० 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए) | (हे०में) | 4.00 | 1.60 | 2.40 | |
| 5 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे० इनपुट सहित) | 0.1 हे० | 14.00 | 5.60 | 8.40 | |
| 6 | जलाशय में अंगुलिकाओं की संचयन @1000 अंगुलिकाए प्रति हे० (3.0 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ) | (हे०में) | Rs.@03/Figerling | Rs.@1.20/Fingerling | Rs.@1.80/Fingerling | |
| 7 | आर्द जल निकायों में अंगुलिकाओं की संचयन @1000 अंगुलिकाए प्रति हे० (3.0 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ) | (हे०में) | Rs.@03/Figerling | Rs.@1.20/Fingerling | Rs.@1.80/Fingerling | |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग ईकाई | (सं०में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग ईकाई | (सं०में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 | |
| 10 | समंवित सजावटी/अलंकारिक मत्स्य ईकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग) | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 11 | सजावटी/अलंकारिक मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | (सं०में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 12 | मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों का सवर्धन (Promosion of Recreational Fisheries) | (सं०में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 13 | 90 मी०³ क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बडे आर०ए०एस० (रि सर्कुलैट्री एक्वा कल्चर) इकाई की स्थापना/ **04मी० व्यास एवं 1.5 मी० उच्चाई के 50 टैंक वाले बायोफ्लोक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं०में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 14 | 30 मी०³ क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बडे आर०ए०एस० (रि सर्कुलैट्री एक्वा कल्चर) इकाई की स्थापना/ **04मी० व्यास एवं 1.5 मी० उच्चाई के 25 टैंक वाले बायोफ्लोक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 15 | 100 मी०³ क्षमता वाले 01 टैंक वाले आर०ए०एस० (रि सर्कुलैट्री एक्वा कल्चर) इकाई की स्थापना/ **04मी० व्यास एवं 1.5 मी० उच्चाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लोक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना** | (सं०में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 16 | बैकयार्ड लघु आर०ए०एस० (रिर्सकुलैट्री एक्वाकल्चर) इकाई की स्थापना | (सं०में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 | |
| 17 | जलाशय में केज की स्थापना | (सं०में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 18 | खुले जल निकाओं में घेरे में मत्स्य पालन | (हे०में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 19 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | (सं०में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 | |
| 20 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | (सं०में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 | |
| 21 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | (सं०में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 | |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | (सं०में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 | |
| 23 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं०में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 24 | रेफ्रीजेरेटेड (प्रयीतित) वाहन | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 25 | इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन | (सं०में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 26 | मोटर साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | (सं०में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 | |
| 27 | साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | (सं०में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 | |
| 28 | तीन चक्का वाहन आईस बॉक्स के साथ/ई–रिक्शा मछली बिकी के लिए | (सं०में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 29 | जीवित मछली बिकी केन्द्र | (सं०में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 30 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं०में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 | |
| 31 | मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं०में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 32 | बडा फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं०में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 | |
| 33 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं०में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 | |
| 34 | फीश किओस्क (सजावटी/अलंकारित मछली एवं एकेवेरियम सहित) का निर्माण | (सं०में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 | |
| 35 | मछली के मूल्य संवर्धित उत्पाद की ईकाई (फीश भेल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं०में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 36 | मछली के खुदरा बाजार (सजावटी/अलंकारित मछली एवं एकेवेरियम सहित) का निर्माण | (सं०में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 37 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई– प्लेटफॉर्म तैयार करना | DPR/SCP पर आधारित | | | | |
| 38 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवता परखने हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 39 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवता परखने हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक) | (सं०में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 | |
| 40 | जलाशय के मछुआरों को सेफ्टी किट के कय हेतु सयहोग | (सं०में) | 1.00 | 0.40 | 0.60 | |
| 41 | जलाशय के मछुआरों को नाव तथा जाल के कय हेतु सयहोग | (सं०में) | 5.00 | 2.00 | 3.00 | |
| 42 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं०में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 43 | मछुआरों का बीमा | (सं०में) | | | | |

आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में कोई भी पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है। एक लाभुक को सिर्फ एक ही आवेदन पत्र देंय होगा। सभी परिपेक्ष में पूर्णः आवेदन को ही कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा।

नोट :– उपरोक्त योजना में वित्तीय वर्ष–2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध कुछ योजनाओं में आवेदन पत्र पाप्त नही होने के कारण लक्ष्य की उपलब्धि प्राप्त नही होने के कारण पुनः इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :–15.07.2024

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।**

PR 327743 Fish(24-25)D

# मुख्यमंत्री से मिला बाजार समिति चेंबर का प्रतिनिधि दल, विधानसभा चुनाव के दौरान बाजार समिति को स्ट्रांग रूम नहीं बनाने की अपील

**लोकसभा चुनाव में बाजार समिति को स्ट्रांग रूम बनाने और 15 दिनों तक बिना पूर्व सूचना के बंद करने से मोटिया मजदूर और चालकों के समक्ष भूखमरी की नौबत आने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बाजार समिति परिसर को प्रशासन की ओर से स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल बनाया गया था। पूरे मंडी परिसर को बिना कोई पूर्व सूचना के लगातार 15 दिन तक बंद कर दिया गया। जिससे यहां का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ एवं सरकार को राजस्व की भी हानि हुई। साथ ही मंडी परिसर में कार्यरत मोटीया मजदूर, कर्मचारी, टेंपो चालक एवं ट्रांसपोर्ट वालों के समक्ष भूखमरी की नौबत आ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई की विधानसभा चुनाव को देखकर व्यापारी अभी से भयभीत है। निवेदन है की चुनावी प्रक्रिया को अन्यत्र कहीं संपन्न कराया जाए और मंडी परिसर को इससे मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं अविलंब इसका समाधान करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का भी आभार प्रकट किया जिनके प्रयास से वे अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष गंभीरता पूर्वक रख सके। प्रतिनिधि मंडल में बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, एवं जसविंदर सिंह उपस्थित थे।

## लॉटरी टिकट के अवैध कारोबार के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई

# 5 गिरफ्तार, 15 लाख के टिकट जब्त

## लॉटरी टिकट का मास्टर माइंड मदन बरनवाल फरार, तलाश में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये आरोपितों और जब्त लॉटरी की जानकारी देती पुलिस।

**गिरिडीह।** नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गिरिडीह के पंजाबी मुहल्ला स्थित एक घर में छापामारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मौके से करीब 15 लाख रुपये मूल्य का अवैध लॉटरी भी जब्त किया है। हालांकि लॉटरी टिकट का कारोबारी मास्टर माइंड मदन बरनवाल मौके से फरार होने में सफल रहा। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी करते हुए गिरिडीह में बड़े स्तर पर संचालित लॉटरी टिकट के अवैध धंधे का पदार्फाश किया। एसपी ने बताया कि जब्त लाखों की लॉटरी का ड्रॉ डेट बुधवार को ही था, लेकिन इससे पहले ही संयुक्त अभियान में इसे जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मदन बरनवाल के घर पर छापामारी के दौरान अलग-अलग बैग, बड़े-बड़े डिब्बे के साथ कई झोले में 50 से 60 बंडल लॉटरी के ढेर पड़े मिले। जिसे जब्त कर पुलिस ने थाना ले आई। बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पंजाबी मुहल्ला निवासी अनिल कुमार, अभिषेक दास, और आदित्य दास के अलावे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के झरियागादी निवासी इम्तियाज अंसारी और पचंबा थाना क्षेत्र के दरियाडीह निवासी तालिब खान शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वाकार किया कि उन्हें मदन बरनवाल ही सारे लॉटरी की आपूर्ति किया करता था। मदन बरनवाल पिछले कई सालों से इस अवैध कारोबार में शामिल हैं। जब्त लाटरी 25 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक में बिकने थे। एसपी ने कहा कि फरार मदन बरनवाल को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गरिमा सिन्हा ने पहला कदम में दिव्यांग बच्चों से की मुलाकात, संस्था को सराहा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम में बुधवार को डीआरएम कमल सिन्हा की पत्नी और डबल्यूडबल्यूओ ईसीआरके अध्यक्ष गरिमा सिन्हा पहुंची थीं। उन्होंने पहला कदम स्कूल में दिव्यांगता के क्षेत्र में होने वाले सराहनीय प्रयासों को देखते हुए आश्चर्य चकित होते हुए काफी प्रशंसा की। कहा कि उन्होंने एक ही छत के नीचे भव्यता के साथ दिव्यांग बच्चों को सारी सुविधाएं प्राप्त होते पहली बार देखा। स्कूल में दिव्यांग बच्चे को मिलने वाले शिक्षण प्रशिक्षण, वोकेशनल थेरिपी, स्पीच थेरिपी, फिजियो थेरिपी, ऑक्युपेशनल थेरिपी और स्वावलंबन के प्रयास की तारीफ की। कहा कि पहला कदम का जो कदम है उसमें समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ देना चाहिए। वहीं, सचिव अनिता अग्रवाल ने मोमेंटो एवं तुलसी पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांग बच्चों से भेंट के लिए पूरे पहला कदम परिवार ने गरिमा सिन्हा का आभार प्रकट किया।

### लालमणि आश्रम में युवाओं का बुजुर्गों के प्रति संस्कारिक सेवा सुखद संकेत : मुख्तार खान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोहारबरवाअड्डा-टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में बुधवार को स्वर्गीय तारा गुटगुटिया एवं उनके पुत्र जितेंद्र गुटगुटिया का जन्मदिन बुजुर्गों के साथ केक काटकर मनाया गया। साथ ही अपने हाथों से सभी बुजुर्गों को भोजन परोस कर खिलाया गया। वहीं, बुजुर्गों ने सभी को उनके सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जितेंद्र के पारिवारिक मित्र समाजसेवी मुख्तार खान ने सभी युवाओं को संदेश दिया की अपने माता-पिता एवं अन्य बुजुर्गों को भी सम्मान दें। उनका ख्याल रखें। उम्र के अंतिम पड़ाव में जब सभी अपने-अपने कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं तो इन बुजुर्गों को बहुत अकेलापन महसूस होता है। उनके इस एकांतवास और अकेलेपन को दूर करने के लिए जब भी समय मिले उनसे बातें करें। उनका कोई भी कार्य हो तो समय निकाल कर कर दें। इससे उनका आत्मिक आशीर्वाद बरसेगा। उनसे बीते जीवन के अनुभवों की शिक्षा लें। माता-पिता एवं बुजुर्गों की सेवा व सम्मान करना मानव जीवन का सबसे बड़ा संस्कार है। वहीं, आश्रम में अपनी माता के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि देने एवं जन्मदिन को बुजुर्गों के साथ मनाने के लिए आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, समाजसेवी मुख्तार खान, कुमार मधुरेंद्र सिंह, ओंकार मिश्रा और रवि श्रीवास्तव ने जितेंद्र गुटगुटिया की सराहना की।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनील कुमार ने पत्नी निक्की देवी की हत्या के आरोपी पतित बाउरी को दोषी पाये जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि जारीडीह थाना अंतर्गत बांधडीह निवासी धीरन मंडल ने बताया था कि एक जनवरी 2015 को शाम सात बजे सूचना मिली थी कि टांड़ मोहनपुर तिवारी टोला के मकान में रहने वाले किरायेदार ने अपनी पत्नी की आग लगाकर हत्या कर दी है। इसी सूचना पर जब वे वहां पहुंचे तो पता चला कि पतित बाउरी ने अपनी पत्नी निक्की देवी को धारदार हथियार से गंभीर रूप से घायल करने के बाद आग लगा कर उसकी हत्या कर दी। उक्त बयान के आधार पर जारीडीह थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज प्रथम अनील कुमार के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह के बयान एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने ने पतित बाउरी को हत्या का दोषी ककाक देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद दोषी पतित बाउरी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया।

## भाजपा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की करेगी शुरुआत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत धनबाद जिले में उनकी योजनाओं को सत प्रतिशत उतारने को लेकर भाजपा की ओर से जिला महानगर मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी को संयोजक और महेश पासवान एवं उचित महतो को सह-संयोजक बनाया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रवण राय भी इस मौके पर मौजूद थे। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन कर प्रधानमंत्री की योजना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देशभर में पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक एवं ग्लोबल वार्मिंग से निपटने को लेकर कार्यक्रम चलाए जाने की जानकारी दी। बताया की भीषण गर्मी से पिपटने के लिए कुछ विशेषज्ञों ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की सलाह दी है। इसी के तहत प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से उनकी जयंती दिवस तक चलने का आग्रह किया है। पीएम ने हर परिवार से अपने घर में एक पेड़ मां के नाम योजना से जुड़ने की अपील की है। जिसके तहत धनबाद में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए अभियान से जुड़ने की अपील की गयी है।

# सीएसआइआर-सिंफर में 'ऊर्जा एवं ऊर्जा उपकरण' पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने की भूमिका पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद की ओर से एक सप्ताह एक विषय 'ऊर्जा एवं ऊर्जा उपकरण कार्यक्रम' पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ डिगवाडीह सिंफर सभागार में हुआ। कार्यक्रम में सेल, जेएसपीएल अंगुल, हिंडाल्को, थर्मैक्स जैसे देश के विभिन्न संगठनों से 75 से अधिक लोगों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला की शुरूआत सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने औपचारिक उद्घाटन से हुई। उन्होंने सतत ऊर्जा समाधानों के संदर्भ में गैसीकरण के महत्व और वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोयला मंत्रालय के परियोजना सलाहकार आनंदजी प्रसाद द्वारा गैसीकरण की विभिन्न संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। प्रथम दिन जेएसपीएल, अंगुल के कार्यकारी उपाध्यक्ष देवाशीष माइती ने अपने कीनोट व्याख्यान से सभी प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। दूसरे दिन का कीनोट व्याख्यान आईआईईपी के सुब्रत दास गुप्ता देंगें। समापन सत्र में बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी (ओपी), संजय सिंह मुख्य अतिथि एवं इस्पात मंत्रालय के आयुष राज सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No.- 321280 Dated : 02.03.2024**

ई–पुनर्निविदा संख्या:-24 /2024-25 दिनांक :-26.06.2024
मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-JAM-10/2023-24 | कुंडहित | 1 | खजुरी से मुराबेरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–13.400 कि०मी०) | 1337.7036 | तेरह करोड़ सैंतीस लाख सत्तर हजार तीन सौ साठ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | कुंडहित | 2 | गरजूरी पी०डब्ल्यू०डी० पथ से बासबनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 6.300 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 3 | तिलाबाद से कटना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.550 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 4 | खिजुरी से सिंगारपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 2.300 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 5 | खैराबनी मोड़ से सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.425 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 6 | अमलादेही से सोनाचारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.700 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–03.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 18.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–19.07.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख
ग्रामीण कार्य विभाग–सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 327816 Rural Work Department(24-25)#D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No.- 318081 Dated : 06.02.2024**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-21 /2024-25 दिनांक :- 26.06.2024
मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ?क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-07/2023-24 | नगड़ी | 1 | एन०एच०–75 नगड़ी सुन्दर नगर भाया साहेर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 5.350 कि०मी०) | 1112.871 | ग्यारह करोड़ बारह लाख सतासी हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नगड़ी | 2 | एन०एच०–23 पी०डब्ल्यू०डी० रोड़ से अगडू डाहर भाया केसारो गाँव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.350 कि०मी०) | | | |
| | | रातु | 3. | छोटकाटोली से एन०एच०–75 मुरगू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.030 कि०मी०) | | | |
| | | नगड़ी | 4 | बाजपुर हिसरी से चौली मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.500 कि०मी०) | | | |
| | | रातु | 5 | भोंड़ा से चिपरा गुडू भाया पतराटोली पंचडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 9.000कि०मी०) | | | |
| | | नगड़ी | 6 | दलादली रिंग रोड से सिमलिया नायाटोली भाया आई०सी०एफ०ए०आई० यूनिवर्सिटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.660 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–02.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–12.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख
ग्रामीण कार्य विभाग–सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 327779 (Rural Work Department) 24-25 (D)



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय), झारखण्ड, राँची**

**–:आम – सूचना:–**

**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए जलनिधि की योजना।**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची के स्वीकृत्यादेश संख्या 22 दिनांक 18.06.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास मानसुन पर सिमडेगा जिला के कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतू "जलनिधि" एक महत्वाकांक्षी योजना है। उक्त योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से अच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत तक अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

**योजना का स्वरूप**

**(i) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| Length of Percolation Tank – 120ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank–12ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**कृषक/संस्था का चयन**
1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन मे त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं की ही चयन किया जायेगा साथ ही माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति :–**
1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा, द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
3. **आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.07.2024 तक कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।**

- संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
- पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
- पानी पंचायत का बैंक में बचत खाता खोलकर कृशक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
- लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
- गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।
- प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0) अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत।
- राजस्व ग्राम का नक्शा।
- आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
- स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**
**द्वितीय तल, कृषि भवन, सिमडेगा 835223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 327822 Simdega(24-25)#D

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओड़िशा के चार दिवसीय दौरे पर आयेंगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 6 तारीख को ओड़िशा के 4 दिवसीय दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति 6 तारीख की शाम को आयेंगे और 9 तारीख तक रहेंगे। 6 तारीख की शाम को उत्कलमणि की 96वीं वर्षगांठ में हिस्सा लेंगे। 7 तारीख को रथ यात्रा में शामिल होने की योजना है। इसी तरह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 8 तारीख को खड़गिरि और उदयगिरि का दौरा करने के बाद दोपहर में डिवाइन रिट्रीट सेंटर का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद वह 9 तारीख की सुबह नाइजर में कार्यक्रम में शामिल होंगी और उसी दिन दोपहर को दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

## प्रसिद्ध रेत कलाकार ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# रत्न भंडार की तत्काल मरम्मत की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रसिद्ध रेत कलाकार और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य सुदर्शन पटनायक ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को पूरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के खजाने रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष की मरम्मत और रखरखाव का काम तुरंत शुरू करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

पटनायक ने सीएम माझी को लिखे पत्र में कहा कि मैं महाप्रभु के भक्तों की ओर से प्रार्थना करता हूं कि एएसआइ को आंतरिक रत्न भंडार की मरम्मत और रखरखाव का काम तुरंत शुरू करने का निर्देश दें, क्योंकि आगामी मानसून और अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। पूरे मंदिर की संरचना की अखंडता को खतरा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसआई ने 2018 में एक निरीक्षण के दौरान कई दरारें देखी थीं और समस्या को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई की सिफारिश की थी। हालांकि, छह साल बीत जाने के बावजूद इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। पटनायक ने कहा कि 2018 में एएसआइ की तकनीकी समिति ने आंतरिक रत्न भंडार कक्ष (भंडारा घर) का निरीक्षण किया। दीवारों, छत और तहखाने की संरचना में कई संरचनात्मक समस्याएं और क्षति पायीं। एएसआइ ने समस्याओं को ठीक करने के लिए तत्काल मरम्मत कार्य की सिफारिश की थी। लेकिन छह साल बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं की गयी है। इसलिए अब तक नुकसान और भी बढ़ गया होगा। फरवरी 2024 में की गई लेजर स्कैनिंग में रत्न भंडार के बाहरी हिस्से में दरारें भी पायी गयीं। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए पटनायक ने कहा कि उनका मानना है कि राज्य सरकार इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करेगी।

गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में दो कक्ष हैं। आंतरिक कक्ष में दुर्लभ अवसरों पर इस्तेमाल किये जाने वाले कीमती आभूषण रखे जाते हैं। जबकि दैनिक अनुष्ठानों और विशेष त्योहारों के लिए आवश्यक आभूषण खजाने के बाहरी कक्ष में रखे जाते हैं। आंतरिक कक्ष को आखिरी बार 39 साल पहले 14 जुलाई 1985 को खोला गया था।




पूर्व मध्य रेल
**ई-निविदा सूचना**
मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा सं. : ईएल-जीएस-03-खुली-2024-25.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : भाग-ए- डीजल लोको शेड, पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार। भाग-बी- "ओबरा बांध : रखरखाव का उन्नयन सिक लाइन ओबरा बांध : में सुविधा" (कार्यसमापन अवधि: चौबीस महीना)। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,12,23,984.73, 3. बिड सिक्युरिटी: ₹2,56,100/-, 4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 16.07.2024 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 16.07.2024 को 11:00 बजे के बाद। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/00571/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/32

# ओड़िशा शराब मुक्त होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** आज पूर्वाह्न में राज्य लोकसभा भवन के कन्वेंशन हॉल में सामाजिक सुरक्षा और भीर्णक्षम सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया गया है। इसमें राज्य के लोक शिक्षा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और सामाजिक सुरक्षा एवं भीर्णक्षम सशक्तीकरण मंत्री नित्यानंद गंड ने कहा कि समाज में सुधार और परिवार में शांति लाने के लिए हमें नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज उठानी होगी। आज अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के सामाजिक सुरक्षा और भीर्णक्षण सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभागीय मंत्री नित्यानंद गंड ने यह जानकारी ली। प्रदेश में धीरे-धीरे नशे का व्यवहार कम होगा। सामाजिक सुरक्षा और भीर्णक्षण सशक्तिकरण मंत्री नित्यानंद गंड ने कहा कि नयी सरकार इस पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से चर्चा के बाद यह कदम उठाया जायेगा। नशे से समाज कलुषित हो रहा है। सरकारी स्तर पर कई राज्यों में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ओड़िशा सरकार भी शराब पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगी। परिणामस्वरूप, नशीली का कारोबार कम हो जायेगा। ओड़िशा को शराब मुक्त और नशा मुक्त बनाने की योजना है। मंत्री ने कहा कि अवाकारी समेत अन्य मुद्दों पर विभिन्न विभागों से चर्चा कर जल्द ही कदम उठाये जायेंगे।



# हरियाणा के राज्यपाल दो पोती के साथ पीएम से मिले

**दोनों बच्चों ने मोदी को सुनाई कविता, उन्होंने किया दुलार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में अपने कार्यालय में दो खास नन्हें मेहमानों का स्वागत किया। उनको देखते ही प्रधानमंत्री का चेहरा खिल उठा और उनसे बातचीत की। दोनों बच्चियों ने प्रधानमंत्री को उन पर लिखी एक कविता भी सुनाई। दरअसल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पीएम मोदी से मिलने के लिए उनके कार्यालय पहुंचे थे। दत्तात्रेय के साथ उनकी पोतियां भी थीं। दोनों पोतियों ने जब पीएम से मिलने की इच्छा जताई तो दत्तात्रेय मना नहीं कर पाये और उन्हें पीएमओ ले गये। दोनों बच्चियों ने पीएम मोदी को गुलाब का फूल का फूल दिया। पीएम मोदी ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों बच्चियों ने कविता सुनानी शुरू की तो पीएम मोदी ने उन्हें अपने पास बुलाया और उन्हें दुलार किया। प्रधानमंत्री ने दोनों बच्चियों को चॉकलेट भी दी। जिससे वह बहुत खुश नजर आयीं।




DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम की मांग

## फिलहाल डीके शिवकुमार इस पद पर हैं

## सीएम सिद्धारमैया बोले, हाइकमान का फैसला अंतिम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाये जाने की मांग उठ रही है। कर्नाटक के कुछ मंत्री वीराशैवा-लिंगायत, एससी/एसटी और माइनारिटी कम्युनिटी के नेताओं को डिप्टी सीएम दिये जाने की पैरवी कर रहे हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि इस मामले में कांग्रेस हाइकमान का फैसला फाइनल होगा। फिलहाल कर्नाटक में डिप्टी सीएम के पद पर वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार हैं। को-ऑपरेशन मिनिस्टर केएन राजन्ना, हाउसिंग मिनिस्टर बीजेड जमीर अहमद खान, पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर सतीश जारकीहोली समेत कई अन्य नेताओं ने इस हफ्ते राज्य में तीन और डिप्टी सीएम बनाये जाने का मामला उठाया। ये सभी नेता सिद्धारमैया के करीबी माने जाते हैं। राज्य में कांग्रेस के एक धड़े का मानना है कि मंत्रियों का तीन नये डिप्टी सीएम की मांग करना सिद्धारमैया कैंप के प्लान का हिस्सा है। ताकि मौजूदा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को काबू में रखा जा सके और सरकार और पार्टी में उनके प्रभाव को कम किया जा सके।

दरअसल पिछले साल मई में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के समय से ऐसी चचाएं हैं कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद शिवकुमार सीएम पर दावेदारी कर सकते हैं। मई में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जीतने के बाद सीएम पद के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार- दोनों ने दावेदारी पेश की थी।

कांग्रेस ने सिद्धारमैया को सीएम पद देते हुए तय किया था कि डीके शिवकुमार राज्य के इकलौते डिप्टी सीएम रहेंगे। यह सीएम पद की दावेदारी छोड़ने और डिप्टी सीएम बनने के लिए डीके शिवकुमार के प्रति कांग्रेस लीडरशिप का कमिटमेंट था।

# ओड़िशा की बीबीए छात्रा से पंजाब के फगवाड़ा में दुष्कर्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फगवाड़ा (पंजाब)।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ रही ओड़िशा की 21 वर्षीय बीबीए छात्रा के साथ रेलवे लाइन के पास कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि यह वारदात मंगलवार तड़के दकोहा गांव रेलवे बैरियर पर रेलवे लाइन के निकट एक सुनसान जगह पर हुई। इस मामले में अमनजोत, मंजीत सिंह और रणबीर सिंह नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि युवती बीबीए-अंतिम वर्ष की छात्रा है और विश्वविद्यालय के पास ही किराये के मकान में रह रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी बिहार की रहने वाली एक सहेली बाइक से जम्मू की अपनी एक सहेली से मिलने गयी थीं। यह सहेली फिलहाल दकोहा रेल बैरियर के पास रह रही थी। शिकायत में कहा गया है कि तीनों युवतियां पूरनपुर कॉलोनी से तलहन रोड की ओर जा रही थी, तभी तीन मोटरसाइकिल सवारों ने उन्हें रोका और उनमें से एक ने अपनी कृपाण निकालकर उन्हें धमकाया। लड़की ने पुलिस को बताया कि इसके बाद अन्य दो लोगों ने उसके दोस्तों को धक्का देकर एक तरफ कर दिया और उसे जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल की पिछली सीट पर बैठा लिया। पुलिस में की गई अपनी शिकायत में छात्रा ने कहा कि सुनसान जगह पर ले जाने के बाद, इनमें से एक आरोपी अमनजोत ने दोनों और आरोपियों की मौजूदगी में कथित रूप से उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे वहीं छोड़कर चले गये।

# राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होने का आदेश

**मानहानि केस में 2 जुलाई को बुलाया**

**अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह हेट स्पीच केस में 2 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने राहुल के वकील से पूछा कि वह कहां हैं? वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा में स्पीकर पद का चुनाव है। इसलिए वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने राहुल को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि 8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस में अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था। इसी के खिलाफ सुल्तानपुर के भाजपा नेता ने मानहानि का केस दर्ज कराया था। इससे पहले इसी साल राहुल गांधी 20 फरवरी को कोर्ट में पेश हुए थे। राहुल ने 20 फरवरी 2024 को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बांड पर जमानत दी थी। इसके बाद पहली तारीख 2 मार्च को लगी थी। इसके बाद 13 मार्च, 22 मार्च, 2 अप्रैल, 12 अप्रैल, 22 अप्रैल, 2 मई, 14 मई, 27 मई, 7 जून, 18 जून और 26 जून। लेकिन राहुल नहीं पहुंचे। उनकी ओर से उनके वकील काशी शुक्ला हाजिरी माफी की अर्जी दे रहे हैं। कोर्ट में राहुल के बयान दर्ज होने हैं।



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU

Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

## अंकुरा हॉस्पिटल्स, भुवनेश्वर ने सामान्य प्रसव के महत्व को बताया

# मेगा बेबी शॉवर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 200 से अधिक महिलाओं के चेहरों पर खुशी फैलाने और मुस्कान लाने के लिए, अंकुरा हॉस्पिटल्स, भुवनेश्वर ने एक अनूठा विचार प्रस्तुत किया, मेगा बेबी शॉवर नामक कार्यक्रम का आयोजन, ताकि एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जा सके और गर्भावस्था का जश्न मनाकर और सामान्य प्रसव के लाभों पर प्रकाश डालकर गर्भवती माताओं और उनके परिवार के सदस्यों के लिए उत्सव का माहौल बनाया जा सके। इस अवसर पर डॉ जीएसएस महापात्रा, डॉ बिचित्रानंद राउत, डॉ लीना दास, डॉ मोनालिशा नाइक, डॉ रमा मंजरी नाइक, डॉ सौम्या दाश और डॉ देबाशीष पाणिग्रही उपस्थित थे। अंकुरा अस्पताल ने गर्भावस्था का जश्न मनाने के लिए एक हृदयस्पर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया, जो कि ऐसे समय में गर्भवती माताओं और उनके सहयोगियों के लिये समर्थन का एक मार्मिक संकेत था, जो भारी लग सकता है। जैसे ही मेहमान पहुंचे, उनका स्वागत हर्षित सजावट, स्वादिष्ट व्यंजनों और उनके नन्हे-मुन्नों के आगमन का जश्न मनाने के लिये तैयार की गयी विचारशील गतिविधियों के साथ किया गया। मजेदार और रोमांचक गतिविधियों में स्टैंड-अप कॉमेडी, नेल आर्ट, स्टेमसाइट सेशन, मेहंदी, ग्लिटर आर्ट, नेल आर्ट, रैंप वॉक, फोटो और वीडियो बूथ और लकी ड्रा पुरस्कार शामिल थे। जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु की देखभाल कैसे करें और गर्भवती पिता के लिये एक मार्गदर्शिका जैसे विषयों पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञों और बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गये थे। यह आयोजन सामान्य प्रसव के महत्व पर एक सशक्त वक्तव्य था। विभिन्न संवादात्मक सत्रों और चचाओं के माध्यम से, अस्पताल ने सामान्य प्रसव को चुनने के लाभों और महत्व पर प्रकाश डाला। इस पहल का उद्देश्य प्रसव के बारे में मिथकों और गलत सूचनाओं को दूर करना, गर्भवती माताओं को उनके प्रसव के अनुभवों के बारे में सूचित विकल्प बनाने के लिये सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम प्राकृतिक प्रसव को अपनाने के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सामान्य प्रसव के शारीरिक और भावनात्मक लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करके, दंपतियों को इस प्रक्रिया की गहरी समझ प्राप्त हुई। सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता न केवल मातृ स्वास्थ्य के प्रति उसके समर्पण को प्रदर्शित करती है, बल्कि सुरक्षित परिणामों के लिए प्राकृतिक प्रसव विधियों को प्राथमिकता देने के उसके प्रयासों को भी दशार्ती है। इस तरह के आयोजनों का सकारात्मक प्रभाव केवल भौतिक उपहार प्रदान करने से कहीं आगे जाता है और दुनिया में एक नये जीवन का स्वागत करने की कगार पर खड़े परिवारों के लिए आश्वासन की भावना को बढ़ावा देता है। अंकुरा अस्पताल अपने रोगियों की देखभाल के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि कर रहा है, एक ऐसा पोषण वातावरण बना रहा है जो पारंपरिक चिकित्सा उपचार से कहीं आगे तक फैला हुआ है, डॉ बिचित्रानंद राउत, चिकित्सा निदेशक, अंकुरा अस्पताल, भुवनेश्वर ने कहा।




देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र•वास्तु शास्त्र•हस्त शास्त्र•अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**